
श्रद्धालु 15 से 17 अप्रैल तक 24 घंटे कर सकेंगे रामलला के दर्शन

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



सोना 66,971 पर पहुंचा, अब तक का सबसे महंगा, चांदी फिर 74 हजार के पार निकली

वर्ष-60 › अंक -87 रायपुर शुक्रवार 29 मार्च 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


## 1 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में रहेंगे केजरीवाल



**नईदिल्ली,एजेंसी।**

नई दिल्ली राऊज एवेन्यू कोर्ट ने एक अप्रैल तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी रिमांड बढ़ा दी है। अब एक अप्रैल तक दिल्ली के मुख्यमंत्री ईडी की कस्टडी में रहेंगे। जांच एजेंसी ने दिल्ली की कोर्ट से सात दिन की रिमांड की मांग की थी।

कोर्ट में पेशी के दौरान ईडी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के बयान दर्ज किए गए हैं, लेकिन उनका एक व्यक्ति से सामना कराना है। साथ ही जब्त किये गए डिजिटल डेटा का भी परीक्षण करना है। सीएम केजरीवाल ईडी के साथ पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

जांच एजेंसी ने आगे कहा कि हमारे पास सबूत है कि केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में 100 करोड़ रुपये की रिश्वत की मांग की। केजरीवाल ने कई बड़े अधिवक्ता खड़े किए, क्या आम आदमी ऐसा कर सकता है?

# बंगाल में भ्रष्टाचारियों से जब्त 3000 करोड़ गरीबों को लौटाएंगे

**एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कृष्णानगर लोकसभा सीट से महुआ मोइत्रा को टीएमसी उम्मीदवार बनाया है, जो कई मामलों में विवादित रह चुकी हैं। इसके चलते पहले ही विरोध झेल रही मोइत्रा के सामने बीजेपी ने राजमाता अमृता रॉय को उम्मीदवार बनाकर बड़ी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। सोने पर सुहागा ये हुआ कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद बीजेपी उम्मीदवार अमृता रॉय से फोन पर बातचीत करके उन्हें जीत के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि वे उन कानूनी विकल्पों पर काम कर रहे हैं, जो ये सुनिश्चित कर सकें कि बंगाल के गरीबों से लूटा गया 3 हजार करोड़ रुपये उन्हीं लोगों को वापस कैसे लौटाया जाए। यह धनराशि और संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भ्रष्टाचारियों से जब्त की गई है। एक दिन पहले ही पीएम मोदी ने संदेशखाली की पीड़ित और भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से भी बात की थी।

### भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने वालों और भ्रष्टाचारियों को बचाने वालों के बीच चुनाव



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार राजमाता अमृता रॉय से फोन पर चर्चा की। बातचीत में पीएम ने अमृता से उनके चुनाव प्रचार की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। पीएम ने अमृता रॉय से कहा कि यह बात सभी को बताएं कि अमृता राय पूर्व राजघराने की सदस्य हैं। पीएम ने उनसे कहा कि एक तरफभाजपा देश से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है, तो दूसरी तरफसभी भ्रष्टाचारी एक-दूसरे को बचाने के लिए एक साथ आ गए हैं। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल राज्य में परिवर्तन के लिए मतदान करेगा।अगर हमारे परिवार ने ऐसा न किया होता तो हमारा सनातन धर्म खत्म हो जाता

राजमाता अमृता रॉय ने पीएम मोदी से कहा कि वे महाराजा कृष्ण चंद्र रॉय के परिवार से हैं। उन्होंने बताया कि लोगों की भलाई के लिए कई काम हमने किए। कई लोगों को जमीन दान दी हैं। राजमाता ने कहा कि अगर हमने और हमारे परिवार ने ऐसा नहीं किया होता तो हमारा सनातन धर्म खत्म हो जाता। क्योंकि उस वक्त नवाब सिराजुद्दौला अत्याचारी और भ्रष्टाचारी थे। ऐसे में महाराजा ने अकेले यह सब नहीं किया। बहुत सारे राजाओं का मिलन हुआ उसके बाद ही यह सब हुआ। जगत सेन और भी राजाओं की मेहनत से यह काम सफल हुआ। अगर ऐसा नहीं होता तो हम हिंदू नहीं रह पाते। हमारी भाषा और वेशभूषा एकदम अलग होती। हम सब अलग हो जाते और दूसरे के अधीन रह जाते। महाराजा कृष्णचंद्र रॉय की शानदार विरासत को आपको आगे ले जाना है

पीएम मोदी ने कहा कि हमें बचपन में पढ़ाया जाता था। उसमें कृष्ण चंद्र रॉय के समाज सुधार के काम, बंगाल के विकास के काम, बंगाल के विकास का मॉडल रहे, बचपन में यह सब सुनने को मिलता था। यह लोग वोट बैंक की राजनीति करने वाले हैं। अब अनाप-शनाप बोलेंगे और 300 साल पहले की घटना निकालेंगे। ये अपने वर्तमान के पाप को छुपाने के लिए ऐसी चीजें ढूढ़ते रहते हैं। लेकिन, जब भगवान राम की बात आती है। भगवान राम के जन्म के सबूत कहां है। इतनी पुरानी बात क्यों निकालते हो। मगर जब कृष्णानंद जी बात आती है तो तुरंत पुरानी बातें निकालते हैं। इस प्रकार से उनका दोगलापन होता है और आपको इस बात का प्रेशर बिलकुल नहीं लेना है।

## देश की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल ने छोड़ी कांग्रेस पार्टी

**एजेंसी।** हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल (84) ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। कुछ दिन पहले ही उनके उद्योगपति बेटे नवीन जिंदल भाजपा में शामिल हुए थे। सावित्री जिंदल के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की संभावना है। सावित्री जिंदल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा की। सावित्री जिंदल ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, मैंने विधायक के रूप में 10 साल हिसार की जनता का प्रतिनिधित्व किया और मंत्री के रूप में हरियाणा प्रदेश की निस्वार्थ सेवा की है। हिसार की जनता ही मेरा परिवार है और मैं अपने परिवार की सलाह पर आज कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं।





## ओडिशा में बीजद को बड़ा झटका, भाजपा में शामिल हुए भर्तृहरि महताब

**एजेंसी।** ओडिशा की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को बड़ा झटका देते हुए हाल ही में पार्टी छोड़ने वाले लोकसभा सांसद भर्तृहरि महताब ने गुरुवार को भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ ही राज्य के पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्रा और पद्मश्री अवार्डी डॉ. दमयंती बेसरा भी भगवा पार्टी में शामिल हो गईं। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा, ओडिशा प्रदेश प्रभारी विजयपाल सिंह तोमर और ओडिशा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल की मौजूदगी में भर्तृहरि महताब, सिद्धांत महापात्रा और डॉ. दमयंती बेसरा ने यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# सरकार अग्निवीर योजना में बदलाव के लिए भी तैयार : राजनाथ

**एजेंसी।**

नई दिल्ली . रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अग्निवीर स्कीम को लेकर एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ती है तो सरकार अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है. सरकार अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे यह सुनिश्चित करना चाहती है कि. उन्होंने योजना का बचाव करते हुए कि सेना में युवाओं की जरूरत है.

सेना में भर्ती के लिए लागू हुई अग्निवीर योजना का देश भर में विरोध हुआ था. अब निचले स्तर पर इसी के माध्यम से भर्तियां हो रही हैं, जिसके तहत 4 साल की नौकरी होती है. एकमुश्त राशि अवधि के पूरा होने के बाद सैनिकों को मिलती है और दूसरी जगहों पर भर्ती में उन्हें प्राथमिकता मिलती है. इस स्कीम की आलोचना यह कहते हुए की जाती है कि यह शॉर्ट टर्म नौकरी है और उसके बाद सैनिकों के आगे पूरे करियर की चुनौती रहती है .




राजनाथ सिंह ने कहा, मेरा मानना है कि 'सेना में युवा होने चाहिए. युवाओं में ज्यादा जुनून होता है. वे तकनीक के मामले में भी ज्यादा बेहतर होते हैं. हमने इस बात का पूरा ख्याल रखा है कि उनका भविष्य सेफ रहे. यदि जरूरत पड़ती है तो हम योजना में बदलाव के लिए भी तैयार हैं.'

अग्निवीर भर्ती योजना के तहत 4 साल की नौकरी होती है. 6 महीने इसमें ट्रेनिंग दी जाती है और तैनाती 3.5 सालों के लिए मिलती है. इस अवधि के पूरा होने के बाद वे सेना में नियमित सेवा के लिए अप्लाई कर सकते हैं और उन्हें परीक्षा देनी होगी. इसके अलावा यदि वे सेना से एग्जिट होते हैं तो राज्यों की पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की भर्ती में उन्हें प्राथमिकता मिलती है. उन्होंने कहा कि आज हम सेना को मजबूत कर रहे हैं. हथियारों की स्थिति यह है कि हम सिर्फआयात नहीं कर रहे हैं बल्कि बड़े पैमाने पर हथियारों को एक्सपोर्ट भी कर रहे हैं. आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत हम आगे बढ़ रहे हैं.

**क्या है अग्निवीर भर्ती स्कीम?** युवाओं के लिए सशस्त्र बलों में सेवा करने की भर्ती योजना 14 जून 2022 को शुरुआत की . इस योजना को अग्निपथ नाम दिया गया है. 4 साल की अवधि के लिए उम्मीदवारों को अग्निवीर के रूप में मान्यता दी जाएगी. भारतीय सेना में अग्निवीर एक अलग रैंक होगी।

## शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हुए गोविंदा, नॉर्थ-वेस्ट सीट से लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव



**एजेंसी।** बॉलीवुड के मशहूर एक्टर गोविंदा आज यानी गुरुवार को शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए हैं. गोविंदा ने शिवसेना में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे CM से मुलाकात की, जिसके बाद उन्होंने पार्टी की औपचारिक सदस्यता ले ली. माना जा रहा है कि गोविंदा को उत्तर-पश्चिमी मुंबई सीट से उम्मीदवार बनाया जा सकता है. शिवसेना की सदस्यता लेने के बाद गोविंदा ने कहा कि उनको जो जिम्मेदारी मिली है, उसको वो पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गोविंदा उत्तर-पश्चिमी सीट से पहले भी चुनाव लड़ चुके हैं.

## मनरेगा मजदूरों को सरकार ने दिया तोहफा, मजदूरी में किया भारी इजाफा



**एजेंसी।**लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने मनरेगा मजदूरों को तोहफा दिया है. दरअसल, केंद्र सरकार ने 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' (मनरेगा) के तहत काम करने वाले मजदूरों की दिहाड़ी (मजदूरी) को बढ़ाने का ऐलान किया है. सरकार की इस घोषणा के बाद मनरेगा मजदूरों की मजदूरी में 3 से 10 फीसदी तक का इजाफा हो जाएगा. इस संबंध में केंद्र सरकार ने आज यानी गुरुवार (28 मार्च) को एक नोटिफि केशन भी जारी किया. बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले मनरेगा मजदूरों की बढ़ाई गई मजदूरी दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में लागू होगी. मनरेगा मजदूरों के लिए नई वेतन दरें 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी होंगी. बता दें कि केंद्र सरकार ने मनरेगा मजदूरी में बढ़ोतरी चालू वित्त वर्ष में किए गए इजाफे के समान ही की है. नोटिफिकेशन के मुताबिक, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 2023-24 की तुलना में 2024-25 के लिए मजदूरी दर में में तीन फीसदी का इजाफा किया है. जो देश में सबसे कम है।

## गलत वोट कर्फ्यू लगवाता है, सही वोट सरकार बनवाता है

**'जब वोट गलत हाथ में जाता है तो कैराना में पलायन होता है', शामली में विपक्ष पर बरसे सीएम योगी**

**एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शामली-कैराना पौराणिक और ऐतिहासिक धरा हैं। इन्होंने इतिहास का उतार-चढ़ाव देखा है, तो इतिहास को बनते भी देखा है। इस धरा को मैं नमन करता हूं। सीएम योगी ने कहा कि वोट में बहुत ताकत होती है। जब वोट गलत हाथ में जाता है तो कैराना में पलायन होता है, और कर्फ्यू लगता है और जब वोट सही हाथ में जाता है, तो कांवड़ यात्रा निकलती है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास भी धूम धड़ाके के साथ होता है। यह बातें मुख्यमंत्री ने कैराना रोड स्थित



स्काटिश इंटर नेशनल स्कूल में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं।

**विकास का पहिया तेजी से घूम रहा** - सीएम योगी ने कहा कि अब व्यापारी और बहन-बेटी सुरक्षित है। विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। आजिविका बढ़ रही है। आस्था भी साफ दिखाई दे रही है। पांच सौ साल बाद राम लला ने होली खेली है। यह सब सही वोट के चलते ही हुआ है। आज आपके पासपोर्ट की दुनिया में ताकत है। पहले जब कोई विदेश जाता था, तो उसको उतना मान-सम्मान नहीं मिलता था, लेकिन अब स्थिति बदल गई है।

### आतंकवाद खत्म हुआ और बदली सड़कों की तस्वीर

सीएम योगी ने कहा कि देश के अंदर की बात करें तो आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद भी खत्म हो गया है। हाईवे बन रहे हैं, तो आइआइटी के साथ ही आइआइएम का निर्माण हो रहा है। देश का दुनिया में डंका बज रहा है। केंद्र सरकार हो या फिर प्रदेश सरकार, हर किसी को बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हम सभी को मतदान प्रतिशत बढ़ाना है।

# दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति, इसलिए 140 करोड़ भारतीय उन्हें कर रहे हैं अस्वीकार : पीएम मोदी

**एजेंसी।**

सीजेआई को लिखे अपने पत्र में न्यायालय और जजों का समर्थन किया है। वकीलों ने कहा कि कानून को बनाए रखने के लिए काम करने वाले लोगों के रूप में, हम सोचते हैं कि यह हमारी अदालतों के लिए एक साथ खड़े होने का समय है। हमें एक साथ आने और मौजूदा समय में न्यायालय पर किए जा रहे हमलों के खिलाफ बोलने की जरूरत है। वकीलों ने चिंता जाहिर की कि 'विशेष ग्रुप' अदालतों की कार्यवाही में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, वकीलों द्वारा सीजेआई को लिखे पत्र पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दूसरों को डराना और धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है।वकीलों ने पत्र में बेंच फिक्सिंग के मनगढ़ंत सिद्धांत के बारे में जताई चिंता




पीएम मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि 5 दशक पहले ही कांग्रेस ने प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था। वे अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं, लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं। दूसरी ओर सीजेआई को लिखे पत्र में बेंच फिक्सिंग के मनगढ़ंत सिद्धांत के बारे में चिंता जताई गई है। इसमें न्यायिक पीठों की संरचना को प्रभावित करने और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाने का प्रयास किया जाता है। वकीलों ने इन कार्रवाइयों को न केवल अपमानजनक बताया है, बल्कि कानून के शासन और न्याय के सिद्धांतों को नुकसान पहुंचाने वाला भी बताया है। उन्होंने कहा कि कतिपय लोग निजी स्वार्थ में हमारी अदालतों की तुलना उन देशों से करने लगे हैं जहां कानून का कोई शासन नहीं है और हमारे न्यायिक संस्थानों पर अनुचित प्रथाओं का आरोप लगा रहे हैं।

## फ्रीज़ रहेंगे कांग्रेस के अकाउंट, हाईकोर्ट ने दिया झटका...

**नई दिल्ली** टैक्स अधिकारियों द्वारा कांग्रेस के खिलाफचार साल की अवधि के लिए कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू करने को चुनौती देने वाली कांग्रेस की याचिकाएं कोर्ट ने खारिज कर दी हैं। इसके साथ ही अब कांग्रेस के बैंक अकाउंट कोर्ट का फैसला आने तक फ्रीज रहेंगे। दिल्ली हाईकोर्ट इससे पहले भी याचिका को खारिज कर चुका है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने कहा कि एक और वर्ष के लिए टैक्स के पुनर्मूल्यांकन करने में हस्तक्षेप करने के लिए हम पहले भी इनकार कर चुके हैं और उस फैसले के खिलाफयाचिकाएं फिर खारिज की जाती हैं।

# जर्मनी को पछाड़कर भारत बना रूस का सबसे बड़ा दवा सप्लायर

**एजेंसी।** भारत अभी दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा दवा उत्पादक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विश्व की फार्मेसी' बनने की ओर अग्रसर है। भारत जर्मनी को पछाड़कर रूस का सबसे बड़ा दवा सप्लायर बन गया है। जर्मनी वर्ष 2021 और 2022 में रूस का सबसे बड़ा दवा सप्लायर था। वहीं 2023 में भारत ने अपने निर्यात में 3 प्रतिशत की वृद्धि की, जिससे रूस को दवा के लगभग 294 मिलियन पैकेज भेजे गए। वहीं जर्मनी ने पिछले साल रूस को 238.7 मिलियन पैकेज भेजे। भारत से दवाओं का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। दुनिया में पहुंचने वाली हर तीसरी गोली (दवा) का निर्माण भारत में होता है। आज भारत दुनिया में जेनरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया है। मोदी काल में दवाओं का निर्यात बढ़कर दोगुना हो गया है। अप्रैल-दिसंबर 2013-14 में भारत से दवाओं का निर्यात जहां 49,200 करोड़ रुपये का था वहीं अप्रैल-दिसंबर 2022-23 में यह बढ़कर 1,17,740 करोड़ रुपये हो गया।



**भारतीय दवा कंपनियों ने रूस को आपूर्ति बढ़ाई** - रूसी समाचार वेबसाइट आरटी डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय फार्मा कंपनियां संयुक्त उद्यमों सहित रूस में अपने व्यापार के अवसरों का विस्तार कर रही हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि 2023 में, अकेले मुंबई स्थित ऑक्सफोर्ड लैबोरेटरीज ने रूस को अपनी आपूर्ति 67 प्रतिशत बढ़ाकर 4.8 मिलियन पैकेज कर दी। इसके पोर्टफोलियो में कार्डियोवैस्कुलर, इरेक्टाइल डिसफंक्शन, नेत्र संबंधी और अन्य प्रकार की दवाएं शामिल हैं। जेनेरिक में विशेषज्ञता रखने वाली एक और बड़ी भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनी इप्का लेबोरेटरीज ने दवा के समान घटकों वाली दवाएं जो एक बार केवल पेटेंट धारक द्वारा बनाई जाती हैं, ने पिछले साल अपने निर्यात को 58 प्रतिशत बढ़ाकर 13.7 मिलियन पैकेज कर दिया।

**वर्ष 24 में दवा निर्यात 28 अरब डॉलर होने की संभावना** - भारत के दवा उद्योग का स्न्ब्ब्24 में निर्यात वर्ष 2023-24 में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। दरअसल, अमेरिका और यूरोप दवा के अत्यधिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। वहीं, अफ्रीका के देशों में मांग के फिर से जोर पकडने के चलते दवा उद्योग का निर्यात बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

**वर्ष 2023 में दवा निर्यात बढ़कर 25.4 अरब डॉलर पहुंचा** - दवा निर्यात संवर्द्धन परिषद (फार्मेक्सिल) के अनुसार भारत का दवा निर्यात वित्त वर्ष 2023 में 3.2 प्रतिशत से बढ़कर 25.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में निर्यात प्रमुख तौर पर यूरोप और अमेरिका के कारण बढ़ा था। इस दौरान अफ्रीकी क्षेत्र को निर्यात 5.4 प्रतिशत गिर गया था। जाम्बिया, नाइजीरिया, जिम्बाब्वे, बुर्किना फासो आदि में मांग कम होने के कारण अफ्रीका को निर्यात गिरा था। फार्मेक्सिल के अनुसार, अप्रैल से अक्टूबर 2023 के दौरान दवा निर्यात 8.13 प्रतिशत बढ़कर 1578.545 करोड़ डॉलर पहुंच गया। अक्टूबर में निर्यात 29.3 प्रतिशत बढ़कर 242.436 करोड़ डॉलर को छू गया था और यह इस महीने में अब तक का सर्वाधिक निर्यात था।

**अमेरिका और यूरोप के देशों में दवा की कमी जारी** - फार्मेक्सिल के महानिदेशक उदय भास्कर का कहना है कि अमेरिका और यूरोप के देशों में दवा की कमी जारी है। इससे इन देशों में निर्यात को बढ़ावा मिला। इसके अलावा अफ्रीका के देशों से भी फिर मांग आने लगी है। अप्रैल से अक्टूबर के दौरान अफ्रीकी देशों को निर्यात सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़ा है।

# स्वदेशी तेजस मार्क-1 लड़ाकू विमान ने भरी सफल उड़ान

15 मिनट तक हवा में हुई टेस्टिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में निर्मित स्वदेशी तेजस मार्क 1ए लड़ाकू विमान ने गुरुवार को अपनी सफलतापूर्ण पहली उड़ान भरी है। बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटिड द्वारा निर्मित यह विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा। मार्च के अंत तक वायुसेना को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट सौंप सकता है। इस लड़ाकू विमान को वायुसेना पाकिस्तान की सीमा से सटे बीकानेर स्थित नाल एयरक्राफ्ट स्टेशन पर तैनात किया सकता है।



### पाकिस्तानी सीमा के पास होगा तैनात

एचएएल इस मार्च के अंत तक वायुसेना को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट सौंप सकता है। इस लड़ाकू विमान को वायुसेना पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरक्राफ्ट स्टेशन पर तैनात किया सकता है।

# मोदी की गारंटी और जनता के विश्वास से हासिल होगा 400 पार का लक्ष्य– गौतम अग्रवाल

**लोकसभा चुनाव विश्व पटल पर भारत देश की एक नई दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव – एक अपील भाजपा का लक्ष्य, हर बूथ पर विजय**

**लोकशक्ति। रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय नेता गौतम अग्रवाल ने शहर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों से संम्पर्क करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव विश्व पटल पर भारत देश की एक नई दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव है। जन सामान्य लोगों का उत्साह बता रहा है कि भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाकर विश्वस्तरीय पहचान दिलाने वाले विश्व के लोकप्रिय जननायक, मां भारती के सच्चे सपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का शंखनाद हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी पर भरोसा करते हुए जनता ने कांग्रेस की भूपेश सरकार को प्रदेश की सत्ता से बेदखल कर साबित कर दिया है देश और प्रदेश का विकास, भाजपा की सरकार के कार्यकाल में ही साकार होगा। गौतम अग्रवाल ने आगे बताया कि मोदी की दी हुई गारंटी वाली महत्वपूर्ण वायदों को प्रदेश की भाजपा सरकार ने महज 100 दिन के भीतर पूरा करके दिखाते हुए बता दिया है कि भाजपा की सरकार जो कहती है वही करती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की सरकार एवं स्थानीय विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी की वित्त प्रबंधन ने 100 दिन के भीतर किसानों को 3100 रुपये की दर से धान खरीदी की, अंतर की राशि प्रदेश के सभी किसानों को एकमुश्त प्रदान किया है। 3716 करोड़ रुपये 2 साल का पिछ्ला बकाया बोनस, 70 लाख से अधिक माताओं बहनों को महतारी वंदन योजना के माध्यम से 1000 रुपये प्रतिमाह देने कि शुरुआत हो चुकी है। हमारे धर्म संस्कृति और गौरव के प्रतीक भगवान श्रीराम जी की 22 जनवरी को अयोध्या में हुए प्राणप्रतिष्ठा समारोह को कांग्रेस पार्टी के नेताओ ने ठुकराकर साबित कर दिया है। उन्होंने राष्ट्रधर्म का अपमान किया है। देश की जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ठान लिया है कि जो राम का नही वो देश में किसी काम का नही है। पूरे देश की जनता का विश्वास और जनसमर्थन मोदी जी के साथ है और लोकसभा में भाजपा इस बार 400 पार के लक्ष्य को अवश्य ही कार्यकर्ताओ के दम पर हासिल करेगी।



### कार्यकर्ताओं से विनम्र अपील

युवा नेता गौतम अग्रवाल ने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों की तारीख का एलान हो चुका है और हम सभी का लक्ष्य इस बार भी हर बूथ पर भाजपा की विजय का है। देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की गारंटी सभी कार्यकर्ताओं को भी देनी होगी। आगामी 7 मई को हम सभी मिलकर अपने बूथों में भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक मतदान का संकल्प लेवें।

## जीत का संकल्प, इरादे अटल



**लोकशक्ति।** सांसद संतोष ने लिखाः आज मोहला मानपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम अरजकुण्ड और पटेली में जन आशीर्वाद कार्यक्रम के दौरान जनता से मिले आपर स्नेह से यह स्पष्ट है की राजनांदगांव की जनता सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार के साथ है। आप सभी के इसी समर्थन और सहयोग से हम राजनांदगांव लोकसभा के विकास और जन आकाँक्षाओं को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

# कलेक्टर ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन

लोकशक्ति।

**कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान के लिए चल रहे पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-1 के प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा कर मतदान कराने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दलों को अनुशासित होने के साथ ही नियम एवं प्रक्रिया की जानकारी होना चाहिए।**

उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए यह जरूरी है कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यानपूर्वक सुनें, समझें एवं अमल में लाएं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखने कहा।

कलेक्टर ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दलों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। द्वितीय प्रशिक्षण के बाद उन्हें मतदान सामग्री प्रदान की जाएगी। मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केन्द्र से संबंधित आवश्यक तैयारी, मॉकपॉल, सीआरसी करना, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित बारीकी से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान कार्य में ड्यूटी लगाए गए पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दलों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण 27 एवं 28 मार्च 2024 को सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ठाकुर प्यारेलाल नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महंत सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं महारानी लक्ष्मीबाई आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में किया जा रहा है। प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षण कक्ष में आवश्यक व्यवस्था, प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संचालन कराने तथा प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति पत्रक में हस्ताक्षर कराने के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं प्रशिक्षण नोडल सुरूचि सिंह, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के एआरओ, जिला शिक्षा अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, जोनल अधिकारी एवं प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

## खास खबर....

### मतदाताओं की सुविधा के लिए 3 सहायक मतदान केन्द्र स्थापित

**जगदलपुर** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 86 जगदलपुर के मतदान केन्द्र जहां मतदाता संख्या 1500 से अधिक होने के फ्लस्वरूप मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर 3 सहायक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिसके तहत सहायक मतदान केन्द्र क्रमांक 05 प्राथमिक शाला कोहकापाल अतिरिक्त कक्ष, सहायक मतदान केन्द्र क्रमांक 81 प्राथमिक शाला करकापाल कक्ष-2 और सहायक मतदान केन्द्र क्रमांक 125 प्राथमिक शाला गांधी नगर कक्ष-2 जगदलपुर स्थापित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रस्ताव पर इन सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### हिदुर पहाड़ी में पुलिस-माओवादी मुठभेड़ के संबंध में जांच अधिकारी नियुक्त

**एसडीएम न्यायालय में 03 अप्रैल तक देनी होगी जानकारी**

**कांकेर** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के पखांजूर थानांतर्गत ग्राम हिदुर की जंगल पहाड़ी में हुई पुलिस-माओवादी मुठभेड़ की घटना की दण्डाधिकारी जांच का आदेश जारी कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर ए.एस. पैकरा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में पखांजूर एसडीएम ए.एस. पैकरा द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया गया है कि उक्त घटना के संबंध में जिस किसी व्यक्ति के पास लिखित या मौखिक जानकारी हो तो वे अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर के न्यायालय में 3 अप्रैल तक सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

### लोकसभा चुनाव : 4 अप्रैल तक महासमुंद में जमा होंगे नाम निर्देशन पत्र

**महासमुंद ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संसदीय क्षेत्र महासमुंद क्रमांक-09 में 26 अप्रैल को मतदान तथा 4 जून को मतगणना सम्पन्न होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 28 मार्च (गुरुवार) को निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई। इसके साथ ही अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने व दाखिल करने का कार्य भी प्रारंभ हो गया। नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या उमेश कुमार साहू अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अभ्यर्थियों या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा कक्ष क्रमांक 06, न्यायालय कलेक्टर जिला महासमुंद में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक प्राप्त व जमा किया जा सकता हैं।

## नुक्कड़ नाटक से आईटीआई के छात्रों ने युवाओं को दिया मतदान का संदेश


कोण्डागांव संवाददाता



लोकसभा चुनाव की मतदान तिथियों के नजदीक आने के साथ प्रशासन द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक करने स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। गुरूवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कोण्डागांव में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसके तहत युवाओं ने रैली निकाल कर आस-पास के ग्रामीणों को 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा तथा 26 अप्रैल को कांकेर लोकसभा हेतु होने वाले मतदानों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में नजदीकी मतदान केन्द्रों में जाकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस रैली में युवोदय कोंडानार चैम्प्स के स्वयं सेवकों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए मतदान का संदेश जनजन तक पहुंचाने का कार्य किया।

जागरूकता रैली उपरांत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पहुंच युवोदय कोंडानार चैम्प्स के युवाओं द्वारा संस्थान के नवीन मतदाताओं को अपने मताधिकार हेतु जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हर एक मत के महत्व को युवाओं को बताया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रेशमा खान, खेल अधिकारी सुधा कुमार, प्राचार्य आईटीआई आत्माराम विशाल, परियोजना अधिकारी आजीविका पुनेश्वर वर्मा, पीएमयू अभिनय रात्रे, प्रशिक्षक विजय पाल सहित युवोदय के स्वयं सेवक एवं आईटीआई के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की उपस्थिति में मतदान दलों का प्रथम रेंडोमाइजेशन



**मोहला** कलेक्टर एस जयवर्धन की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान दलों का प्रथम रेंडोमाइजेशन किया गया। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77 खुज्जी एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के लिए मतदान दलों के गठन उपरांत रेंडोमाइजेशन किया गया है।

उल्लेखनीय है की विधानसभा क्षेत्र 77 खुज्जी के अंतर्गत 69 मतदान केंद्र एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत 237 मतदान केंद्र बनाया गया है। मोहला मानपुर विधानसभा में 10 महिला मतदान केंद्र, 01 दिव्यांग मतदान केंद्र एक एवं 5 युवा मतदान केंद्र बनाया गया है। महिला मतदान केंद्र, दिव्यांग मतदान केंद्र एवं युवा मतदान केंद्र को छोड़कर शेष सभी मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त मतदान दलों का आज प्रथम रेंडोमाइजेशन किया गया। पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के द्वारा 1448 कर्मचारियों का प्रथम रेंडोमाइजेशन किया गया।

# कलेक्टर-एसपी ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

### अधिकारियों को समय सीमा में कार्य करने के दिए निर्देश

बलौदाबाजार (संवाददाता)।

लोकसभा चुनाव के तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर केएल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम पहुंचे। उन्होंने संबधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर ही कार्य करने के निर्देश दिए है। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के एल चौहान ने स्ट्रांग रूम,मत पेटी वितरण केन्द्र एवं मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग,भवनों में बिजली सुविधा,इंटरनेट कनेक्शन,पानी सप्लाई तथा शौचालय की उचित व्यवस्था सहित सभी आधारभूत व्यस्थाए सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही निर्वाचन में लगने वाले अधिकारी,कर्मचारी, सुरक्षा संबंधी उपाय और सुरक्षा में लगने वाले फोर्स के लिए कार्य अनुसार अलग अलग भवनों का चिन्हांकन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य में आने वाले वाहनों के लिए लोकसभा सह विधानसभावार पार्किंग व्यवस्था,आगमन एवं निकासी के लिए अलग अलग रास्तों का भी चिन्हांकन किया गया। कलेक्टर द्वारा उक्त सभी आधारभूत व्यवस्थाए संबंधित अधिकारियों को समय रहते करने के निर्देश दिए गए, जिससे जिले में सुव्यवस्थित निर्वाचन कार्य संपादित कराई जा सके।

इसके साथ ही कलेक्टर एसपी ने उपजिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित ईवीएम वेयर हाउस सहित विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का भी अवलोकन किया। जिसमें कंट्रोल रूम,व्यय अनुवीक्षण सेल, एमसीएमसी सेल में तैनात कर्मचारियों से मुलाकत कर ड्यूटी संबधित जानकारी ली। इस दौरान कुछ व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल,अतरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे,पीडब्ल्यूडी ईई वर्मा,सब इंजीनियर विभाकर जोशी, सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान



**बेमेतरा** छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

'यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। बशर्ते उसका नाम मतदाता सूची में होना चाहिए। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# स्ट्रांग रूम और मतदान केन्द्र का किया अवलोकन







**लाकशक्ति।** रायपुर / कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह एवं एसएसपी श्री संतोष सिंह ने आज धरसींवा विधानसभा के धरसींवा और बलौदाबाजार विधानसभा का जिले मे आने वाले क्षेत्र तिल्दा का दौरा किया और चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने तिल्दा के सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय में स्थित स्ट्रांग रूम और धरसींवा विधानसभा के अंतर्गत ग्राम चिचोली में मतदान केन्द्र का अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान केन्द्रों में दिव्यांजनो के लिए रैम्प की व्यवस्था करें और प्रत्येक केन्द्र में गर्मी को देखते हुए विशेष रूप से पानी, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने बलौदा-बाजार विधानसभा के रायपुर जिले में आने वाले मतदान केन्द्रों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। एसएसपी ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा संबंधी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

एसडीएम श्री प्रकाश टंडन ने बताया कि धरसींवा विधानसभा में 249, रायपुर जिले में बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 110 मतदान केन्द्र हैं। इस अवसर पर तिल्दा तहसीलदार श्रीमती ज्योति मशियारे, जनपद सीईओ श्री विवके गोस्वामी उपस्थित थे।

## बैंक, एटीएम, हॉस्पिटल, बस स्टैंड, शासकीय संस्थानों सहित अन्य स्थलों पर चस्पा किया गया मतदाता



**बीजापुर** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराने जिले में व्यापक रूप से लॉजिस्टीक, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ली। इस दौरान कलेक्टर ने सभी मतदान दलों को सकुशल मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने, उनकी वापसी, ईव्हीएम मशीनों की सुरक्षा, संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सुरक्षा सहित सम्पूर्ण निर्वाचन के दौरान व्यापक रूप से सुरक्षा व्यवस्था प्रदान कर शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा का मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। बैठक में विक्रम सिंह कमाण्डेंट 108 बटालियन, किशोर कुमार कमाण्डेंट 170 बटालियन, विनोद कुमार मोहिरिल कमाण्डेंट 122 बटालियन, राजीव कुमार कमाण्डेंट 153 बटालियन, हरिओम सागर द्वितीय कमान अधिकारी, कुलदीप सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, मनोज कुमार त्रिपाठी द्वितीय कमान अधिकारी, संजय कुमार सिंह उप सेनानी, संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी सहित सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल थे।

## निर्वाचन के दौरान व्यापक सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक



**बीजापुर** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराने जिले में व्यापक रूप से लॉजिस्टीक, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ली। इस दौरान कलेक्टर ने सभी मतदान दलों को सकुशल मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने, उनकी वापसी, ईव्हीएम मशीनों की सुरक्षा, संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सुरक्षा सहित सम्पूर्ण निर्वाचन के दौरान व्यापक रूप से सुरक्षा व्यवस्था प्रदान कर शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा का मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। बैठक में विक्रम सिंह कमाण्डेंट 108 बटालियन, किशोर कुमार कमाण्डेंट 170 बटालियन, विनोद कुमार मोहिरिल कमाण्डेंट 122 बटालियन, राजीव कुमार कमाण्डेंट 153 बटालियन, हरिओम सागर द्वितीय कमान अधिकारी, कुलदीप सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, मनोज कुमार त्रिपाठी द्वितीय कमान अधिकारी, संजय कुमार सिंह उप सेनानी, संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी सहित सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल थे।

# निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है, इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करें

## कलेक्टर ने बिलाईगढ़ और बरमकेला क्षेत्र में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण का जायजा लिया



सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को सुव्यवस्थित संपन्न कराने के लिए जिले के बिलाईगढ़ और बरमकेला क्षेत्र में चल रहे अधिकारियो कर्मचारियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस प्रशिक्षण में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर साहू ने सुबह सबसे पहले बरमकेला अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बार में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया।

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने निर्वाचन प्रशिक्षण से जुड़े सभी कक्षा में जाकर निरीक्षण करते हुए शिक्षक और मास्टर ट्रेनर्स से प्रशिक्षण के संबंध मे वार्तालाप किया। मास्टर ट्रेनर से कलेक्टर ने निर्वाचन प्रशिक्षण के एक-एक चीजों के बारे में पूछा।कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे सावधानीपूर्वक समझते हुए ग्रहण करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वीवीपैट, ईवीएम, कंट्रोल यूनिट का प्रयोग करके दिखाएं। इसके साथ ही मॉक टेस्ट भी करें।

बरमकेला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बार के प्रशिक्षण में कुल दोनों पाली मिलाकर लगभग 500 शिक्षक शामिल हुए। यह प्रशिक्षण 4 कैमरा प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आचरण संहिता से लेकर वोटिंग के नियमों को प्रशिक्षण में भी मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी बतायी जा रही है। ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक जानकारिया नोट भी कराया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केन्द्र तक परिवहन के दौरान सावधानी बरतने, मतदान केन्द्र में ईव्हीएम व वीवीपैट को रखने, मॉकपोल, निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर लिफाफा में सुरक्षित रखने, मतदान पश्चात मशीन व दस्तावेजों को जमा करने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर हरिशंकर चौहान परियोजना निदेशक, कोमल प्रसाद साहू तहसीलदार,सहायक नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) नरेश कुमार चौहान, लक्ष्मी नारायण पटेल,पदुमलाल पटेल प्राचार्य, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

इसी प्रकार दोपहर में कलेक्टर साहू ने बिलाईगढ़ अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलाईगढ़ में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। साहू ने मास्टर ट्रेनर को अच्छे से प्रशिक्षण देने और निर्वाचन कार्मिकों को अच्छे से प्रशिक्षण लेने के लिए कहा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि बरमकेला में यह प्रशिक्षण 28 और 30 मार्च को होगा। सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ में

### जिले में 1 लाख से ज़्यादा महिला मतदाता मतदान की लेंगी शपथ




**बेमेतरा** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने कल 28 मार्च (गुरुवार) को बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र सहित तीनों विधानसभा क्षेत्र के नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है। जिले में एक ही समय दोपहर 12 बजे कुल 1 लाख से ज़्यादा महिला मतदाताओं को मतदान की शपथ लेंगी।'

'लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं महिला मतदान का प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लक्ष्य की प्राप्ति एवं नव महिला मतदाताओं व नवागत बहुओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।'

सीईओ जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि कल 28 मार्च को जिले में महिला मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित विशेष कार्यक्रम पूरे जिले के प्रत्येक नगरीय निकाय और प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर बड़ा कार्यक्रम ज़िला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगा। इसमे रंगोली, मेहंदी, क्विज आदि शुरू हो जाएगा। दोपहर 12 बजे एक निश्चित समय पर प्रत्येक नगरीय निकाय और प्रत्येक ग्राम पंचायत/जनपद स्तर पर मुख्यालय में तथा इसके प्रत्येक वार्ड में पूरे जिले में एक साथ 1 लाख से 2 लाख तक महिला मतदाताओं का मतदाता शपथ का लक्ष्य रहेगा। मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।' 'उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव प्रत्येक वार्ड लेवल पर मतदाता शपथ हेतु कर्मचारी अभी से चिन्हांकित कर मतदाता शपथ का प्रारूप उपलब्ध कराने कहा है। वार्ड में शपथ के लिए शासकीय सेवक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, सचिव, रोजगार सहायक,मितानिन आदि का सहयोग ले सकते है।' 'नगरीय निकाय स्तर पर वोटिंग का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों के मुक़ाबले कम रहता है। नगरीय निकाय स्तर पर सीएमओ इस कार्य के लिए वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति कर सकते हैं।

## संपादकीय

### जेएनयू में लाल सलाम हिंसात्मक

जवाहरलाल यूनिवर्सिटी में हुए छात्र संघ चुनाव में वाम ने जेएनयूएसयू में जीत हासिल की। गया (बिहार) के छात्र धनंजय को अध्यक्ष चुना गया जो विविद्यालय से पीएचडी कर रहे हैं।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को सभी चार केंद्रीय सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। खास बात यह है कि 28 साल बाद जेएनयू छात्र संघ को दलित अध्यक्ष मिला है। धनंजय ने एबीवीपी के उमेशचंद्र को 922 मतों से हराया। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफइंडिया के अविजीत घोष उपाध्यक्ष पद पर जीते।इस बार 73त्न मतदान हुआ, जो बीते बारह वर्षो में सबसे अधिक है। इस जनमत को नफरत और हिंसा की राजनीति को खारिज करने वाला ठहराते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने महिलाओं की सुरक्षा, कोष में कटौती, छात्रवृत्ति वृद्धि, बुनियादी ढांचा और जल संकट को अपनी प्राथमिकताओं में गिनाया।देश को अनेक प्रसिद्ध शिक्षाविद्, इतिहासकार, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ देने वाला जेएनयू एनआईआरएफकी रैंकिंग में लगातार सर्वश्रेष्ठ तीन विविद्यालयों में शामिल रहता है। शुरुआत से ही यहां सेक्युलर होने का दावा करने के पीछे वामपंथी रुझान होने के आरोप लगते रहे हैं। इस पर वामपंथ द्वारा उकसाई हिंसा का लंबा इतिहास होने का आरोप भी है।कहना गलत नहीं है कि यह कैम्पस अपनी प्रसिद्धि के साथ-साथ विवादों में भी घिरा रहता है। बीते दिनों महिषासुर की पूजा से लेकर भारत तेरे टुकड़े होंगे तथा दीवारों पर लिखे गए जातिसूचक नारों के लिए यह यूनिवर्सिटी खासी विवादित रही।विश्वविद्यालय का शैक्षणिक स्तर गिरने से बचाने और माहौल को हिंसा से बचाने के प्रयासों के वायदों के बावजूद स्थिति सामान्य नहीं कही जा सकती।



## नदियों के कायाकल्प का संकल्प

**- डॉ. विनोद तारे**

गंगा नदी के संरक्षण और नदी के जैव-परितंत्र के पुर्नस्थापन के लिए किये गये प्रयासों की सफलता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा भारत सरकार के नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के अग्रणी कार्यक्रम नमामि गंगे को प्राकृतिक जैव-परितंत्र की पुर्नबहाली के लिए संचालित दुनिया के दस सर्वश्रेष्ठ अभियानों की सूची में शामिल किया गया है। इस अभियान की सफलता को देखते हुए हाल ही में भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय के अंतर्गत एनआरसीडी (नेशनल रिवर कन्जर्वेशन डायरेक्टोरेट) और 12 तकनीकी शिक्षण संस्थाओं (आइआइटी, एनआइटी और नीरी) के बीच छह नदियों (नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी, महानदी और पेरियार) के बेसिन प्रबंधन की योजनाएं तैयार करने के लिए अनुबंध हुआ है। एक समय था, जब भारत की जीवनरेखा गंगा नदी को विश्व की पांचवी सर्वाधिक प्रदूषित नदी घोषित कर दिया गया था। नदी का जैव-परितंत्र गंभीर खतरे में था। करीब चार दशक की लंबी यात्रा में समन्वित प्रयासों की सतत श्रृंखला के परिणामस्वरूप गंगा नदी को नयी प्राण ऊर्जा मिली। इस संदर्भ में गंगा की यात्रा पर एक नजर डालना प्रासंगिक होगा।

वर्ष 1985 में केंद्र सरकार द्वारा गंगा एक्शन प्लान की घोषणा की गयी थी। इस योजना का प्रथम चरण 1986 से 2000 तक चला तथा 2001 से इसके दूसरे चरण का प्रारंभ हुआ। इन दोनों चरणों के पूर्ण होने पर गंगा की सफाई और बेहतरी को लेकर अपेक्षा के अनुरूप परिणाम प्राप्त नहीं हो सके। वर्ष 2014 में कार्यभार संभालने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा नदी के संरक्षण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया तथा इस काम को मिशन के रूप में अंजाम देने की घोषणा की। नमामि गंगे मिशन की तीन विशेषताएं हैं। इन विशेषताओं के कारण यह मिशन कई चुनौतियों के बावजूद अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर चलते रहने का संकल्प ले चुका है। ऐसा इसलिए कि किसी भी मिशन को सफल बनाने के लिए जो मूलभूत तत्व आवश्यक होते हैं, वे सब इस मिशन के लिए उपलब्ध कराये गये हैं. दूसरी विशेषता है मिशन के उद्देश्य की स्पष्टता और इसका संयुक्त राष्ट्र विकास लक्ष्य के साम्य। तीसरी विशेषता है प्रशासनिक और अकादमिक संस्थाओं का परस्पर सामंजस्य।

वर्ष 2015 में सात भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थानों (आइआइटी) के संघ ने सरकार को गंगा रिवर बेसिन मैनेजमेंट प्लान का त्रिस्तरीय प्रारूप सौंपा था। इस प्लान को देखने के बाद यह निर्धारित किया गया कि आइआइटी संघ का दायित्व महज योजना बनाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इस योजना के सतत क्रियान्वयन और आकलन के लिए भी उसके सहयोग की आवश्यकता होगी। मिशन के अकादमिक विंग को सशक्त बनाने के लिए आइआइटी कानपुर के नेतृत्व में सेंटर फॉर गंगा रिवर बेसिन मैनेजमेंट एंड स्टडीज (सी-गंगा) का गठन किया गया। सी-गंगा ने नदियों के मानचित्र बनाने जैसे भौगोलिक कार्य से लेकर अंतिम संस्कार की विधि में परिवर्तन जैसे भावनात्मक विषयों पर भी काम किया है। नमामि गंगे मिशन के पांच मुख्य आधार हैं- राजनीतिक इच्छाशक्ति, सार्वजनिक व्यय, सहभागिता, हिस्सेदारी, भागीदारी और समझाना-बुझाना. राजनीतिक इच्छाशक्ति के बगैर किसी व्यापक मिशन पर काम करना और आवश्यक संसाधनों को जुटाना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मिशन में व्यक्तिगत स्तर पर रुचि ली और वे मिशन की प्रगति के बारे में निरंतर जानकारी लेते रहे। इससे मिशन को आगे बढ़ाने में प्रेरणा और सहयोग प्राप्त हुआ। इतने बड़े मिशन पर काम करने के लिए बड़े बजट की आवश्यकता थी, जो समय-समय पर सरकार ने आवंटित किया, जिसके कारण मिशन का कार्य कभी बाधित नहीं हुआ। न केवल नमामि गंगे मिशन, बल्कि समांतर रूप से चल रहे जल संबंधी कार्यक्रमों, जैसे जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, अमृत आदि, के सुचारू संचालन के लिए भी पर्याप्त बजट आवंटित किया गया, जिसका समग्र प्रभाव गंगा बेसिन और अंततः गंगा नदी पर नजर आया।

नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ साझेदारियां हुईं और तकनीकी आदान-प्रदान हुआ। मिशन के विशेषज्ञों की टीम ने ऑस्ट्रेलिया की मरे-डॉर्लिंग, इंग्लैंड की टेम्स और यूरोप की राईन नदी के बेसिन प्रबंधन के बारे में जाना-समझा, लेकिन उसे हू-ब-हू अपनाने के बजाय भारत के स्थानीय परिवेश के अनुसार उचित विधियों का इस्तेमाल किया गया। इस योजना में जन-भागीदारी को बढ़ाने के लिए गंगा उत्सव, गंगा टास्क फोर्स, गंगा प्रहरी और गंगा मित्र जैसे अभियान भी संचालित किये गये। इस अभियान में नदी के जल की गुणवत्ता के रासायनिक मानदंडों, जैसे बीओडी, सीओडी, कॉलिफॉर्म आदि को सिर्फबीमारी के लक्षण के रूप में देखा गया, परंतु लक्ष्य नदी के जैव-पारिस्थितिक तंत्र की पुर्नबहाली को रखा गया। वर्ष 2019 में राष्ट्रीय गंगा परिषद की पहली बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने अर्थ गंगा की संकल्पना प्रस्तुत की। परियोजना का सिद्धांत व्यवहार में साकार होता तब नजर आया, जब प्रयागराज में आयोजित अर्धकुंभ मेले में अपेक्षित पर्यटक संख्या से तीन गुना अधिक पर्यटक पहुंचे। कुंभ की महत्ता को स्वयं प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत प्रयासों से विदेशों तक पहुंचाया और कई विदेशी हस्तियों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया। कई शहरों में रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, रिवर-पीपल कनेक्ट जैसी गतिविधियों से पर्यटन की संभावनाएं बढ़ीं।


नदी एक तंत्र हैं, जिसके आधार पर नदी अपनी प्राकृतिक प्रक्रियाओं पूर्ण करते हुए सतत अपनी अमूल्य सेवाएं (इकोलॉजिकल सर्विसेज) प्रदान करती रहती है। अब मिशन नदियों को उनका खोया हुआ सामर्थ्य दोबारा लौटाने की दिशा में कार्यरत है। समर्थ गंगा अभियान के पांच स्तंभ हैं- निर्मल गंगा, अविरल गंगा, अर्थ गंगा, ज्ञान गंगा और जन गंगा। छह विशाल नदियों के बेसिन प्रबंधन के लिए 12 तकनीकी संस्थाओं को अनुबंध पत्र सौंपने के समारोह में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस काम को उपनिषद के सूत्र 'एकोहम बहुस्याम' (एक से अनेक की ओर) से संदर्भित किया। उन्होंने कहा कि नये केंद्रों की स्थापना स्वागतयोग्य हैं और उम्मीद जतायी कि ऐसे प्रयास देश को जलसमृद्ध बनायेंगे। देश में संचालित नदी पुनर्जीवन अभियान में प्रशासनिक और अकादमिक सामंजस्य के चलते नदी विज्ञान रूपी ज्ञान की नयी शाखा उभर रही है. यह कहना निराधार नहीं होगा कि नदी विज्ञान और प्रबंधन के क्षेत्र में भविष्य में भारत विश्व को नेतृत्व देने में अपना दायित्व निभायेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## धरातल पर दिखे गुणवत्ता का जीवन

**हाल ही में 14 मार्च को संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2022 में भारत अब 193 देशों में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। जहां 19 मार्च को रिजर्व बैंक ऑफइंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हो रही है, वहीं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक भारत में आम आदमी की आमदनी बढ़ने और उनके द्वारा भोजन पर कम और कपड़े, मनोरंजन व अन्य मदों पर अधिक खर्च किए जाने से उनके जीवनस्तर में धीरे-धीरे बेहतरी आ रही है।**



दरअसल, एचडीआई का तात्पर्य मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों- लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों के आकलन से है। इस नई एचडीआई रिपोर्ट 2022 में भारतीयों की प्रतिव्यक्ति आय 6951 डॉलर (करीब 5.76 लाख रुपए) दर्ज की गई है। वहीं भारत में जीवन प्रत्याशा में एक वर्ष पहले का औसत 62.2 था जो अब बढ़कर 67.7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति की है।

निःसंदेह भारत के मानव विकास सूचकांक में बढ़त का एक प्रमुख कारण भारत में गरीबी में कमी आना है। हाल ही में अमेरिकी के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रुकिंग्स इंस्टिट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वर्ष 2011-12 में भारत की 12.2 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीब थी, वहीं यह वर्ष 2022-23 में घटकर महज दो फीसदी ही रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल आबादी में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों (प्रतिदिन 1.90 डालर से कम खर्च करने वाले) की संख्या 2011-12 की 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत आ गई है। गरीबों की संख्या में हर वर्ष 0.93 प्रतिशत की कमी के बराबर है। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबों की संख्या घटकर 2.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में एक प्रतिशत रह गई है।

इसी तरह थिंक टैंक नीति आयोग ने कहा है कि भारत में सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों से बीते नौ वर्षों में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली। भारत वर्ष 2030 तक बहुआयामी गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य में सफलता प्राप्त करने की पूरी संभावनाएं रखता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन व जन-धन खाते की सुविधा आदि से लोगों को गरीबी से ऊपर लाने में मदद मिली है। खासतौर से गरीबों के सशक्तीकरण में करीब 51 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 134 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम), की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढांचे की विशिष्ट भूमिका रही है।

भारत में बढ़ती हुई तेज अर्थव्यवस्था के कारण रोजगार-स्वरोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में स्टार्टअप्स की संख्या अब 1.25 लाख के आसपास पहुंच रही है। इनमें बड़ी संख्या में स्टार्टअप टियर 2 और टियर 3 शहरों में हैं।

सरकार का दावा है कि युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के लिए निजी क्षेत्र के साथ सरकारी क्षेत्र में भी नए रोजगार अवसर बढ़े हैं। सरकार द्वारा रोजगार बढ़ाने के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं पीएम ऋष्ठा योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मनरेगा आदि के तहत युवाओं के लिए रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में आम आदमी के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाएं स्वास्थ्य की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। लेकिन अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। ऐसे में हमें यह ध्यान रखना होगा कि जहां अर्थव्यवस्था समाज का अहम हिस्सा है वहीं मानव विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा सामाजिक अधोसंरचना पर उसी तरह निवेश किया जाना होगा, जिस तरह भौतिक अधोसंरचना पर खर्च किया जा रहा है। अभी देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियां बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं।

आशा है कि सरकार द्वारा यूएनपीडी की मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2022 के मद्देनजर देश में मानव विकास की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, सार्वजनिक सेवाओं में स्वच्छता, बहुआयामी गरीबी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए नई जनकल्याण योजनाओं, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान-2 सफल बनाया जाएगा।

**- जयंतीलाल भंडारी   यह निजी विचार है।**

## धार्मिक स्थल में भगदड़ रोकने के उपाय तलाशने

**ऋतुपर्ण दवे**

**भारत में धार्मिक आयोजनों की भीड़ में भगदड़ आम हो चुकी है। ऐसी घटनाओं में मौतें होना न नई हैं, और न ही अब हैरान करने वाली। लेकिन लगता है कि गंभीरता को जानते-समझते हुए भी सीख नहीं लेने से इन मौतों पर विराम तो दूर सोचना भी बेमानी लगता है।दो-चार दिन बाद बात आई-गई हो जाती है। बीते दिनों वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रंगभरी एकादशी की रंगीली होली की शुरु आत के एक दिन पहले भीड़ ऐसी बेकाबू हुई कि एक श्रद्धालु ने दम तोड़ दिया जबकि एक की तबीयत बिगड़ गई। भारी भीड़ के दबाव में फंसी महिलाओं और बच्चों की चीखें निकलती रहीं और पुलिस की मुस्तैदी इस बात पर ज्यादा थी कि अति विशिष्टजनों की सेवा में कोई खलल न पड़े। ऐसी ही एक घटना अगस्त, 2022 में घटी जब श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा-वृंदावन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और बांके बिहारी मंदिर में रात 2 बजे मंगला आरती के दौरान दम घुटने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, 9 घायल हो गए। आरोप लगे कि भीड़ नियंत्रित कराने वाले अपने परिजनों को वीआईपी दर्शन कराने में जुटे थे तो कई वीडियो बनाने में मशगूल रहे।**



परिसर में श्रद्धालु क्षमता 800 लोगों की है, जबकि वहां 25-30 हजार श्रद्धालु मौजूद थे। धार्मिक आयोजनों में भारी भीड़ जुटना नया नहीं है।लेकिन हादसों के बाद समझ आता है कि सुरक्षा कैसी होती है? वैज्ञानिकों ने 1900 के बाद से विश्व में भगदड़ या भीड़भाड़ की घटनाओं का एक डेटाबेस तैयार किया ताकि ऐसी मौतों को रोकने के उपायों को खोजा जा सके। इसमें 1900-2019 के बीच ऐसी 281 घटनाएं शामिल की जिनमें या तो कम से कम एक व्यक्ति की मौत हुई या दस से ज्यादा लोग घायल हुए। यही आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में भारत और पश्चिमी अफ्रीका ऐसी दुर्घटनाओं के सबसे बड़े केंद्र हैं। वक्त के साथ बढ़ती तकनीक के बावजूद तीन दशकों के आंकड़े चौंकाने वाले हैं क्योंकि घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।भारत में बीते कुछ वर्षो के दौरान मंदिरों और अन्य हिन्दू धार्मिक कार्यक्रमों में भगदड़ में सैकड़ों जानें गई। 25 जनवरी, 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधारदेवी मंदिर में वार्षिक तीर्थयात्रा में 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचल कर मौत हो गई, सैकड़ों घायल हुए। नारियल तोडने़ से सीढियों में फिसलन से यह भगदड़ हुई। 3 अगस्त, 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के नैना देवी मंदिर में भू-स्खलन की अफवाह से मची भगदड़ में 162 जान चली गई, 47 लोग घायल हुए।30 सितम्बर, 2008 को राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह से मची भगदड़ में 250 लोगों की मौत हुई और 60 से ज्यादा घायल हुए। 4 मार्च, 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में 63 लोगों की मौत हुई जो वहां कपड़ा और भोजन लेने आए थे।13 अक्टूबर, 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की मौत हुई और 100 से अधिक घायल हुए।ऐसे और न जाने कितने हादसों ने सैकड़ों जान ली हैं। दुर्भाग्यवश कभी भगदड़ में फंस जाएं तो थोड़ी सतर्कता बरत कर खुद को बचाया जा सकता है। अपनी ताकत बेवजह भीड़ के खिलाफ दूसरों को धकेलने में न लगाएं। चीखने-चिल्लाने या शोर मचा कर भी ताकत जाया न करें। कोशिश करें कि पैर फैला कर रखें ताकि धक्का लगने पर संतुलन बना रहे। धैर्यपूर्वक गहरी सांसें लेकर शांत रहें। बजाय विपरीत दिशा में जाने के हमेशा भीड़ के साथ चलें जिससे बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।हाथों को अपनी छाती के सामने किसी बॉक्सर की तरह अड़ा रखें ताकि सीना सुरक्षित रहे जिससे आप खुद को सुरक्षित रख सकेंगे। भीड़ में गिरने पर उठ नही पा रहे हों तो तिरछे हो जाएं, दोनों पैरों को सीने से चिपकाएं, सिर पर हाथ रख कर खुद को बचाने की कोशिश करें ताकि सीना, पसली और सिर बचा रहे। दीवारों और बैरिकेडिंग से भी दूर रहें। ज्यादा से ज्यादा कोशिश करें कि खुली जगह में जल्द से जल्द पहुंच जाएं।यह कहना कि एकाएक भीड़ आ गई गलत है। आजकल धार्मिक स्थलों के पूरे क्षेत्र, गलियारों, चौक, चौराहों में स्थानीय प्रशासन, पुलिस या निजी सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी कैमरों के अलावा सैटेलाइट से भी भीड़भाड़ की जानकारी लेना संभव है। हर पल पता होता है कि कहां से कितनी भीड़ आ रही है। यही प्रबंधन तो करना है ठीक वैसे, जैसे ट्रैफिक का करते हैं। इसके लिए जगह-जगह प्रतीक्षालय बनें, उनमें जलपान, प्रसाधन और आराम तथा छायादार सुविधा हों।बड़े-बड़े स्क्रीन हों जिन पर गंतव्य का लाइव प्रसारण होता रहे ताकि श्रद्धालु खुद मानसिक रूप से आगे जाने से पहले भीड़ के अनुरूप तैयार हों या कुछ पल सुकून से और प्रतीक्षा कर लें। प्रायः भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थल आर्थिक रूप से संपन्न होते हैं। हादसों से सीख कर ऐसे तमाम धार्मिक स्थलों के प्रबंधक और स्थानीय तंत्र भी खुद को बदलें। इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक पद्धतियों और क्राउड मैनेजमेंट से स्थिति काफी हद तक बदल सकती है ताकि भीड़, भगदड़ से होने वाली मौतों पर काबू पाया जा सके।   **यह निजी विचार है।**

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक समेत पुल से नीचे गिरे 3 युवक : एक की मौत, दूसरा घायल, तीसरा फरार...


**कोरबा** जिले के बालको थानां अंतर्गत अजगर बहार मार्ग पर बाइक सवार तीन युवक पुल से नीचे गिर गए। हादसे में एक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जबकि तीसरा मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

बुधवार को अजगर बहार सात्ताहिक बाजार से घर लौट रहे बाइक सवार तीन युवक हादसे का शिकार हो गए। रास्ते में पुल के नीचे उनकी बाइक गिर गई। जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल हो गया जबकि तीसरा मौके से फरार हो गया। रात करीब दस बजे सामने आई घटना की जनकारी मिलते ही 108 संजीवनी एक्सप्रेस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरु कर दी।

मृतक के चाचा राम लाल ने बताया कि मृतक 26 वर्षीय शिशुपाल कंवर माखुपानी गढ़कटरा का रहने वाला है। गांव में ही रहने वाले दो दोस्तों के साथ अजगर बहार गांव सात्ताहिक बाजार करने गए हुए थे। जहां से देर रात वापस लौटते समय जहां अजगर बहार से कुछ दूरी पर तीनो बाइक में अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दो घायल हो गए हादसे के बाद एक युवक भाग गया। वही एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 के माध्यम से जिला मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया है।

बताया जा रहा है कि हादसे के बाद दो युवक खून से लतपथ पड़े हुए थे। राजगीरों की मदद से नजर पड़ने पर 108 और 112 को फोन कर जानकारी दी गई। जिला अस्पताल चौकी दाऊद खुजुर ने बताया कि जिला मेडिकल कॉलेज मिले मेमो के आधार पर मृतक की परिजनों का बयान दर्ज किया गया है। आगे की जांच करवाई जारी है। फरार तीसरे युवक की तलाश की जा रही है।

### नक्सलियों ने फूंका मोबाइल टावर



**कोंडागांव** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल है, तो वहीं दूसरी ओर नक्सलियों का उत्पात भी बढ़ रहा है। बुधवार देर रात नक्सलियों ने ग्राम पंचायत केजंग के एक मोबाइल टावर पर आग लगा दी। इतना ही नहीं इन नक्सलियों ने आगजनी के बाद घटना स्थल पर बैनर पोस्टर भी लगाए। यह पूरा मामला बयानार थाना क्षेत्र के केजंग गांव का बताया जा रहा है। दरअसल, बीती देर रात नक्सलियों ने ग्राम पंचायत केजंग के मोबाइल टावर पर आग लगी दी जिससे मोबाइल टावर का कंट्रोल पैनल जलकर खाक हो गया। इसके बाद आसपास के इलाके में इस आगजनी की घटना के बाद दहशत का माहौल देखा गया। नक्सलियों ने इस आगजनी की घटना के बाद घटना स्थल पर एक बैनर पोस्टर भी लगाया।

# निर्वाचन सम्बंधित समस्या का समाधान मिनटौं में...

## सि-विजिल एप आम नागरिकों के लिए कारगर

कोरिया एजेंसी।

**लोकसभा निर्वाचन 2024 की गहमागहमी बढ़ती जा रही है। लगातार अधिकारियों की बैठक, निर्देश, प्रशिक्षण, निरीक्षण व जन जागरूकता अभियान देखने को मिल रही है। कोरिया कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने आम नागरिकों की समस्याओं को समाधान करने के लिए सी-विजिल एप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस एप के माध्यम से किसी प्रकार की समस्या होने पर शिक़ायत की जा सकती है ताकि इस ऑन लाइन एप के माध्यम से मिनटों में समाधान हो सके।**

बता दें निर्वाचन अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों के संबंध में सूचना देने हेतु नागरिकों के लिए ऑनलाइन एप कारगर है। इस एप्लिकेशन का नाम ''सी-विजिल'' है और यह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालन में निर्वाह की जाने वाली सक्रिय एवं जिम्मेवार भूमिका को निर्दिष्ट करता है।

आचार संहिता की घोषणा की तारीख से मतदान के एक दिन बाद तक प्रभावी रहते हैं, इस दौरान किसी भी प्रकार की आचार संहिता के उल्लंघनों पर इस एप का उपयोग करके कोई भी आम नागरिक शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सी-विजिल एप का उपयोग करते समय गतिविधियों, घटनाओं की फोटो या वीडियों बनाना होगा तथा मोबाइल एप्लिकेशन पर इसे अपलोड करने से पहले इसका विवरण देना होगा जहां से यह सूचना जिला नियंत्रण कक्ष में बीप करेगी। यह उड़न दस्तों को कुछ ही मिनटों में उस निर्धारित स्थान तक पहुंचने में सक्षम बनाएगी। सी-विजिल नागरिकों को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी तथा क्षेत्रीय सत्यापन यूनिट (उड़न दस्तो)/ स्थैतिक निगरानी दलों से जोड़ेगी, जिससे तुरंत और सटीक रिपोर्टिंग तथा कार्रवाई एवं निगरानी प्रणाली तैयारी की जा सकेगी।

जिला निर्वाचन कार्यालय, कोरिया ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार इस एप के माध्यम से अपने आस-पास आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों के संबंध में आम नागरिक तुरंत इस एप में शिकायत दर्ज कराएं ताकि ऐसी किसी भी घटनाओं को रोका जा सके और आयोग के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन करवाने के उद्देश्य को हासिल करने में मदद मिल सके।

**शिकायत का 100 मिनिट के अंदर कार्रवाई –** सी-विजिल एप को आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत के लिए बनाया गया है, सीविजिल ऐप की मदद से अब कोई भी व्यक्ति आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत मिनटों में फोटो या वीडियो संलग्न कर सकते हैं। इसके साथ ही शिकायत करने के 100 मिनिट के भीतर कार्रवाई की जाएगी।

**अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर करें सी-विजिल एप डाउनलोड –** सी-विजिल एप को मोबाइल में डाउनलोड कर इस्तेमाल कर सकते हैं, इस एप को उपचुनाव, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में होने वाली आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत करने के लिए बनाया गया है। यह एप शिकायत करते समय ऑटो मोड में लोकेशन सिलेक्ट करता है, जिससे शिकायतकर्ता को आचार संहिता उल्लंघन के स्थान के बारे में ब्यौरा देने की जरूरत नहीं होती।

## मतदाताओं की सुविधा के लिए 3 सहायक मतदान केन्द्र स्थापित

जगदलपुर (ोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 86 जगदलपुर के मतदान केन्द्र जहां मतदाता संख्या 1500 से अधिक होने के फलस्वरूप मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर 3 सहायक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिसके तहत सहायक मतदान केन्द्र क्रमांक 05 प्राथमिक शाला कोहकापाल अतिरिक्त कक्ष, सहायक मतदान केन्द्र क्रमांक 81 प्राथमिक शाला करकापाल कक्ष-2 और सहायक मतदान केन्द्र क्रमांक 125 प्राथमिक शाला गांधी नगर कक्ष-2 जगदलपुर स्थापित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रस्ताव पर इन सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।




# देर से ही सही, पर जीत सत्य की होती है : विजय

### एक्ट्रोसिटी मामले में दोष मुक्त हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा और कैलाश चंद्रवंशी

कवर्धा (संवाददाता)।

न्यायालय में चल रहे पुराने एक्ट्रोसिटी मामले में कोर्ट ने गुरुवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी को दोष मुक्त करार दिया। कोर्ट परिसर से बाहर निकल कर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा आम गरीब लोगों का राशन कार्ड नही बन रहा था। गरीब लोग जिनकी जीविका राशन दुकान से मिलने वाली खाद्यान्न सामग्री से चलती है, ऐसे लोगो के लिए एक जन प्रतिनिधि की हैसियत से किसी ऑफिस में जाना और अधिकारियों से बात करना तत्कालीन भूपेश सरकार में अपराध हो गया था। राजनीतिक प्रतिद्वंदता न बढ़ जाये इसलिए तत्कालीन विधायक मोहम्मद अकबर इस तरह के हथकंडे अपनाते थे। लोगो को अलग अलग तरह से परेशान करना प्रताड़ित करना यही तो हुआ पिछ्ले 5 वर्ष के काँग्रेस के कार्यकाल में। लेकिन अंत मे सच्चाई की जीती होती है। इसलिए कहा गया है सत्य मेव जयते। यह शास्त्रोक्त कथन है, प्रमाणित है देर से सही पर सत्य की जीत होती है। न्यायालय ने उक्त प्रकरण में मुझे और कैलाश चंद्रवंशी को दोष मुक्त किया है।

उन्होंने कहा यह फर्जी तरीके से कराई गई एफआईआर थी। तत्कालीन खाद्य निरीक्षक द्वारा पहले पुलिस को सिर्फ सूचना दी गई थी। फिर एक माह बाद उसी खाद्य निरीक्षक द्वारा यह कहकर की जाती सूचक शब्द बोला गया है, दूसरी बार शिकायत की गई थी, जिसमे एक्ट्रोसिटी का मामला बनाया गया था। न्यायालय ने इस सभी विषयों को देखते हुए



मुझे और कैलाश चंद्रवंशी को दोष मुक्त किया है।

उन्होंने कहा हम सामाजिक समरसता के भाव से जीवन जीने वाले लोग है सब का बराबर सम्मान और सबसे अपना पन है । किंतु राजनीतिक प्रेरणा से आधारहीन आरोप लगाए गए थे जिसमें न्यायालय के सेसन कोर्ट और एक्ट्रोसिटी के विशेष कोर्ट में हमे दोष मुक्त किया है । मैं न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ ।

उन्होंने बताया कवर्धा में हुए ध्वज विवाद के बाद हमे आरोपी बनाया गया था। ध्वज विवाद प्रकरण में जमानत मिलने के बाद एक्ट्रोसिटी लगाकर 18 दिनों तक जेल भेजा गया। इस प्रकरण में हमे जमानत न मिले, हर संभव प्रयास किया था। कोरोना काल मे तीन वर्ष से कम सजा वालों को जमानत देने के नियम कर तहत जमानत मिली। उस नियम को खत्म करने का रातों रात प्रयास किया गया था। उन्होंने कहा दर्जनों प्रकरण मुझ पर राजनीतिक कारणों से प्रेरित होकर दर्ज किए गए थे, जिनमें से एक मे मुझे न्यायालय ने दोष मुक्त किया है। न्यायालय के प्रति हम आभार व्यक्त करते है । देर से ही सही पर जीत तो सत्य की ही होती है और न्यायालय पर पूरा भरोसा है । इस प्रकरण में विजय शर्मा के साथ वर्तमान जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी पर भी एफ आई आर दर्ज किया गया था इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कैलाश चंद्रवंशी ने कहा इस न्याय के बाद एक बार फिर साबित हुआ कॉग्रेस मो अकबर भय और दबाव की राजनीति करते थे लोगो पर झूठे मुकदमे दर्ज कराते थे।

## पिकअप पलटने से 25 घायल, सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे थे...



एजेंसी।

रायगढ़ (वीएनएस)। जिले में बड़ा सड़क हादसा हो गया। पिकअप में सवार होकर करीब 40 ग्रामीण सगाई कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी ग्राम बनहर के पास पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में वाहन में सवार करीब 25 लोग घायल हो गए, सभी घायलों को छाल अस्पताल ले जाया गया, जहां 9 लोगों की हालत गंभीर होने पर रायगढ़ रेफर किया गया है, जहां उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, छाल थाना क्षेत्र के ग्राम चीतापाली से करीब 40 लोग एक पिकअप में सवार होकर बुधवार दोपहर में जामपाली सगाई कार्यक्रम में जा रहे थे। इस दौरान पिकअप चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जा रहा था। ऐसे में बनहर गांव के पास मोड़ में पहुंचा तो पिकअप की गति तेज होने के कारण वह मोड़ नहीं पाया, जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से से नीचे उतरी और पलट गई। इसके बाद वहां चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए घायलों को पिकअप से बाहर निकालते हुए 25 लोगों को छाल स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

# लाभांडी में डायरिया का प्रकोप : मरीजों की संख्या 100 के पार

## बोर के पानी में मिला ई-कोलाई बैक्टीरिया

रायपुर (लोकशक्ति)

लाभांडी के संकल्प सोसायटी में डायरिया का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सोसायटी में मरीजों की संख्या 100 के पार पहुंच गई है। इस मामले में जांच करने के बाद बोर के पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिला है। अब तक सोसायटी के 105 लोग डायरिया से पीड़ित हुए हैं। पानी का लेवल डाउन हो गया है। इसलिए बोर के पानी में बैक्टीरिया मिला हुआ है। स्वास्थ्य विभाग लगातार सोसायटी के मरीजों की जांच कर रहा है।

बता दें, 21 मार्च से यहां पर डायरिया फैलना शुरू हुआ था। लाभांडी में मरीजों की संख्या 85 के पार पहुंची थी। लेकिन अब 100 के पार चली गई है। 2 दिन पहले दूषित पानी पीने के कारण डायरिया से ग्रसित बच्चे की मौत हो गई थी। यह



बच्चा होली का त्योहार मनाने के लिए घर से निकला तक नहीं था। इस परेशानी की वजह से कई लोग लाभांडी छोड़ने का विचार बना रहे हैं।

कुछ दिनों से डायरिया फैलने की शिकायत मिलने की वजह से स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही स्वास्थ्य कैंप भी स्थापित किया गया है। इस कैंप में मरीजों को इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है।

### डायरिया के लक्षण

पेट दर्द होना, बुखार और सिर दर्द, उल्टी आना, कमजोरी महसूस होना...इस तरह के लक्षण अगर आपको या आपके परिवार में किसी को दिखाई दे रहे हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। छोटी-मोटी बीमारी सोचकर 2 या 3 दिन इंतजार न करें।

### डायरिया हो जाए तो क्या करें

ज्यादा से ज्यादा पानी पीना या फिर नमक और चीनी मिलाकर पानी पीया जा सकता है। पके केले का इस्तेमाल करें। डॉक्टर से एक बार सलाह लेकर ही दवाई लें, वरना इसका साइड इफेक्ट भी हो सकता है। जितना हो सकते आराम करें, ज्यादा धूप में ना निकलें।

## गुमशुदा नाबालिग का मिला शव, हत्या की आशंका...

**जशपुर** जिले के कोतबा चौकी क्षेत्र में 17 साल की लड़की का संदिग्ध अवस्था में शव मिला है। जिसके बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। नाबालिग लड़की के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दिए हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि, किसी ने उसकी हत्या की है। इस घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने कोतबा चौकी पुलिस को दी है। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तहकीकात कर रही है। बता दें, कोतबा चौकी क्षेत्र के जामझोर की रहने वाली नबालिग बालिका 20 मार्च को घर से गुमशुदा हो गई थी। 24 मार्च को परिजनों ने कोतबा चौकी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद नाबालिग बालिका की सड़ी गली संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।



इस घटना को लेकर पत्थलगांव एसडीओपी धुर्वेश जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि, बालिका का शव उसके घर के पास राहर बाड़ी में मिला है। पुलिस मर्ग पंचानमा कायम कर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित

**लोकसभा निर्वाचन-2024**

### लोकतंत्र के उत्सव में मताधिकार का प्रयोग करने जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए स्वीप अंतर्गत थर्ड जेंडर सम्मेलन का हुआ आयोजन

### कलेक्टर ने मताधिकार का उपयोग करने की दिलाई शपथ

**जांजगीर-चांपा** लोकतंत्र के उत्सव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए स्वीप अंतर्गत जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसके लिए गठित स्वीप टीम विभिन्न स्थानों पर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी तारतम्य में आज डॉ भीमराव अंबेडकर भवन चांपा में थर्ड जेंडर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित थर्ड जेंडर सदस्यों एवं नागरिकों को मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलायी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि भारत में लोकतंत्र में समानता का अधिकार दिया गया है। जिसके तहत 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक वर्ग के मतदाताओं को वोट डालने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के इस महापर्व में सभी वर्ग बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। मतदान से एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण होता है। उन्होंने सभी उपस्थिति नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने कहा। उन्होंने जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा है। साथ ही सभी को शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपने परिवार के लोगों, रिश्तेदारों, मित्रों, परिचितों को भी मतदान करने प्रेरित करने का आह्वान किया गया। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्री टी पी भावे, एसडीएम चांपा श्री नीरनिधि नंदेहा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, तृतीय लिंग के सदस्य एवं नागरिक जन उपस्थित थे।

**मतदाताओं को जागरूक करने 30 मार्च को साइकिल रैली**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के तहत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को साइकिल रैली का आयोजन प्रातः 7.30 बजे से ध्यानचंद हॉकी मैदान केरा रोड से शुरू होकर हाई स्कूल ग्राउंड जांजगीर में समापन होगा। रैली के माध्यम से मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



# अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु करें प्रेरित - कलेक्टर







### स्वीप कार्यक्रम के तहत टी विथ कलेक्टर एंड वॉलंटियर्स मीट का किया गया आयोजन

### ब्रिज के सामान कार्य करते है वालंटियर्स - कलेक्टर

### कलेक्टर ने सभी को आगामी निर्वाचन में मताधिकार का उपयोग करने दिलाई शपथ

**जांजगीर-चांपा /**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा की उपस्थिति में स्वीप कार्यक्रम के तहत टी विथ कलेक्टर एवं वॉलंटियर्स मीट का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी सहित हसदेव के हीरो, एनसीसी, एनएसएस को आगामी निर्वाचन में मताधिकार का उपयोग करने शपथ दिलाई और अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने कहा।

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों में वालंटियर एक ब्रिज के समान कार्य कर रहे हैं। जिले में वालंटियर्स द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के साथ ही मतदाताओं को स्वीप के तहत चल रहे कार्यक्रमों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वालंटियर समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए समाज को शिक्षित बनाने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही कुपोषण जैसी समस्याओं के प्रति लोगो को जागरूक करते हैं। वर्तमान में वालंटियर द्वारा स्वीप में सहभागिता निभाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम तहत 18 वर्ष के नए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना, ग्रामीणों, महिलाओं सहित सभी को प्रेरित करते हुए लोकतंत्र को मजबूत और सशक्त बनाना है। इस दौरान कार्यक्रम में युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वोट के महत्व को बताते हुए मतदान कि प्रति जागरूक किया।

इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाने और बाल विवाह की सोच को बदलने का कार्य किया जा सकता है। बाल विवाह करना, करवाना या सहायता करना अथवा बाल विवाह में सम्मिलित होना अपराध की श्रेणी में आता है। हम सबको मिलकर लोगो को जागरूक करते हुए बाल विवाह जैसी कुरूतियों को रोकना है। कलेक्टर ने इस दौरान बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल कुमार रावटे, यूनिसेफ चेतना देसाई, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल, यूनिसेफ जिला समन्वयक सुश्री दिव्या राजपूत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वालंटियर्स उपस्थित थे।

# नवीन चिकित्सा महाविद्यालय जांजगीर में संचालित करने हेतु बैठक आयोजित



**जांजगीर-चांपा** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की अध्यक्षता में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय जांजगीर में संचालित करने के संबंध में आवश्यक तैयारी हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय, प्रारंभ करने हेतु लाईवलीवुड कॉलेज जांजगीर को चिन्हांकित किया गया तथा नवीन चिकित्सा महाविद्यालय, में अतिरिक्त बेड हेतु शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जांजगीर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामगढ़ को चिन्हांकित किया गया। नवीन चिकित्सा महाविद्यालय की आवश्यक तैयारी एवं प्रारंभ करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिए गए।



बैठक में अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव, प्राध्यापक शिशु रोग डॉ. राकेश नहरेल छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर एवं नोडल अधिकारी नवीन चिकित्सा महाविद्यालय जांजगीर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. ए.के. जगत सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# आपसी रंजिश पर प्राणघातक हमला

**जांजगीर चांपा** = आपसी रंजिश पर प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 26/03/24 को प्रार्थी किशन यादव निवासी कुलीपोटा ने थाना जांजगीर में रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 26 मार्च को शाम 05.30 बजे अपने घर में तभी चिरंजीव यादव और संदीप यादव प्रार्थी के घर अन्दर घुसकर हमारे खिलाफरिर्पोट किए हो कहते हुए जान से मारने की धमकी देते हुऐ रॉड, डंडा से प्रार्थी कि पत्नि से मारपीट करने लगे प्रार्थी बीच बचाव करने के लिए आया तो हत्या करने की नीयत से उसके साथ भी रॉड, डंडा से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया है, की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 294/24 धारा 307, 452, 506, 323, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी चिरंजीव यादव एवं संदीप यादव को पुलिस हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो दोनो मिलकर घटना करना अपना जुर्म स्वीकार करने व घटना में प्रयुक्त एक रॉड एवं डंडा को पेश करने पर जप्त कर दिनांक 27.03.24 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया । उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर उपनिरीक्षक राजेश कुमार साह प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी एवं अन्य स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।



जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित



## स्वीप कार्यक्रम के तहत टी विथ कलेक्टर एंड वॉलंटियर्स मीट का किया गया आयोजन






## संक्षिप्त समाचार

### बहीगांव दिलदार ढाबा में 3.930 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त



कोण्डागांव लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण, विक्री, संग्रहण, परिवहन के रोकथाम के क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी अलेख राम सिदार के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की और से लगातार अवैध शराब निर्माण, विक्री, संग्रहण, परिवहन के विरूद्ध अभियान चला कर कार्यवाही की जा रही है।

जिसके तहत 19 मार्च को बहीगांव के दिलदार ढाबा में कार्यवाही के दौरान 3.930 बल्क लीटर विदेशी शराब को आरोपी हेमराज कचलाम पिता मगंउराम कचलाम के पास प्राप्त होने पर जब्त करते हुए छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (ख) एवं 34 (2) के तहत् प्रकरण कायम कर मामला विवेचना में लिया गया है। जब्त अवैध शराब का कुल बाजार मूल्य 2300 रूपये आंका गया है। इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मोरजध्वज साहू, सुरेश कुमार, आबकारी मुख्य आरक्षक शांतिदेवी साहू, आबकारी आरक्षक धनीराम कुलदीप, कैलाश प्रसाद पाण्डे, नंदकिशोर बघेल व वाहन चालक गजेन्द्र कोर्राम उपस्थित रहे।

आबकारी विभाग कोण्डागांव द्वारा अवैध शराब संबंधी शिकायत की सूचना प्रदान करने हेतु दूरभाष नंबर-077862-42481 जारी किया गया है। उक्त नंबर पर 24 घण्टे अवैध शराब संबंधी सूचना प्रदान की जा सकती है।

# ज़िले में एक लाख से ज़्यादा महिला मतदाताओं ने मतदान की शपथ ली

**बेमेतरा संवाददाता।**

बेमेतरा जिले में महिला मतदाताओं ने बनाया अनूठा वर्ल्ड रिकॉर्ड। जिला प्रशासन के द्वारा महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के एक लाख से ज़्यादा महिलाओं ने मतदान करने की शपथ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने आज गुरुवार को बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र सहित तीनों विधानसभा क्षेत्र के नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम मतदाता जागरूकता के तहत ज़िला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया था। पूरे जिले में एक ही समय दोपहर 12 बजे एक लाख से ज़्यादा महिला मतदाताओं ने मतदान की शपथ ली। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने शपथ दिलायी। इसी के साथ गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड छत्तीसगढ़ प्रभारी सोनल शर्मा ने मंच से घोषणा की और कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा को प्रारंभिक तौर पर सर्टिफिकेट सौंपा। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि यह सर्टिफिकेट और बना रिकॉर्ड की असली हक़दार महिला मतदाता है। जो तपती धूप में पूरे उत्साह के साथ ज़िला मुख्यालय सहित ज़िले के सभी नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतों





में मतदान की शपथ ली।

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ,छत्तीसगढ़ प्रभारी सोनल शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम के पूरे फ़ोटो,वीडियो प्राप्त होने पर अगली कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उन्होंने उपस्थित सभी महिला मतदाताओं को बधाई और शुभकामना दी। इस अवसर पर सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी,उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और महिला मतदाता उपस्थित थे। मालूम हो कि गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड एक विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड बुक है। इस रिकॉर्ड बुक का उद्देश्य उन लोगों को एक मंच देना है जिनमें कुछ छिपी प्रतिभा है, जो दूसरों से आगे खड़े होना चाहते हैं और अद्वितीय प्रयास करके इतिहास के सुनहरे पन्नों में अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। आज ज़िले की एक लाख से ज़्यादा महिला मतदाताओं ने अलग-अलग स्थानों पर एक साथ निर्वाचन में मतदान करने की शपथ ले कर ज़िले इतिहास रच दिया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 के अन्तर्गत महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं महिला मतदान का प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लक्ष्य की प्राप्ति एवं नव महिला मतदाताओ व नवागत बहुओं में मतदान के प्रति जानगरूता उत्पन्न किये जाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 28 मार्च को जिले में महिला मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित विशेष कार्यक्रम पूरे जिले के प्रत्येक नगरीय निकाय और ,प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड में आयोजित किया गया। जिला स्तर पर बड़ा कार्यक्रम ज़िला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। इसमे रंगोली, मेहंदी, क्विज,आदि शुरू हुआ।

दोपहर 12 बजे एक निश्चित समय पर प्रत्येक नगरीय निकाय और प्रत्येक ग्राम पंचायत/जनपद स्तर पर मुख्यालय में तथा इसके प्रत्येक वार्ड में पूरे जिले में एक साथ 1 लाख ज़्यादा महिला मतदाताओं का मतदाता शपथ ली।

## मतदाताओं को जागरूक करने चलाया गया स्टीकर अभियान



**कोण्डागांव** जिले में मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में स्टीकर द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी व्यस्त चैक चैराहों एवं बस स्टैण्ड में परिवहन विभाग व खाद्य विभाग की ओर से आने जाने वाले सभी वाहनों को रोकर उनमें मतदाताओं मतदान के लिए जागरूक करने वाले स्टीकर लगाकर चालकों को मतदान तिथि एवं समय के संबंध में जानकारी दी गयी। जिसमें बस्तर लोकसभा के लिए 19 अप्रैल एवं कांकेर लोकसभा के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक के संबंध में मतदाताओं को बताया गया।

## हिन्दी व हल्बी कविताओं से कवियों ने युवाओं को किया मतदान के लिए प्रेरित



कोण्डागांव । मंगलवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में होली के अवसर पर होली कवि सम्मेलन एवं स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के स्थानीय कवियों द्वारा लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान करने हेतु प्रेरित करने वाली कविताओं से लोगों मंत्रमुग्ध कर दिया जहां गणेश मानिकपुरी, विश्वनाथ देवांगन, देशवती पटेल, हरेन्द्र यादव, जयमती कश्यप द्वारा अपनी हल्बी की कविताओं से लोगों को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। वहीं मधु तिवारी, ब्रजेश तिवारी, शिवलाल शर्मा, यशवंत गौतम, एम दंतेश्वरी राव, स्वपन बोस, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, बिलास पटेल, तौसिफ आलम एवं राखी सिंह ने अपनी कविताओं से लोगों को आनंदित करते हुए मतदान हेतु अपने नजदीकी मतदान केन्द्र जाकर अवश्य मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में शालेय शिक्षकगणों के साथ बड़ी संख्या में जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में निष्पक्ष रूप से बिना किसी भय या लोभ के मतदान करने हेतु संकल्प भी लिया।

## मतदान कर्मियों के साथ ही अत्यावश्यक सेवा प्रदाता भी करेंगे डाक मतपत्र का उपयोग



**कोंडागांव** (। लोक सभा निर्वाचन के दौरान मतदान अधिकारियों के साथ ही अत्यावश्यक सेवा प्रदान करने वाले अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को भी डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में इसकी तैयारियों के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मतदान कार्य में लगे अधिकारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही निर्वाचन के दौरान विद्युतकर्मी, पुलिस कर्मी, निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहनों के वाहन चालक इत्यादि भी मतदान से वंचित न रहें, इसके लिए डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा के लिए सुविधा केन्द्र बनाए जाएंगे, जहां मतदान किया जा सकेगा। उन्होंने डाक मतपत्र से मतदान के इच्छुक इन श्रेणियों के मतदाताओं से आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि इसके साथ ही 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में ही मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी।

इसके लिए भी इच्छुक मतदाताओं का आवेदन आवश्यक है। उन्होंने चिन्हित बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से आवेदन एकत्रित करने की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर, डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी अश्वन पुसाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# जिला चिकित्सालय में मनाया गया विश्व टीबी दिवस, निकाली गई जनजागरूकता रैली

### प्रचाररथ को सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बेमेतरा । जिला चिकित्सालय बेमेतरा में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर 27 मार्च को जिला स्तरीय सँगोष्ठि कार्यक्रम आयोजित कर जन जागरूकता के लिए रैली निकाली गयी। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकिसा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. आर चुरेंद्र,व जिला स्वास्थ्य अधिकारी सह क्षय अधिकारी डॉ.अशोक बसोड़ के मार्गदर्शन में जनजागरूकता रैली निकाल कर प्रचाररथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया, शहर के प्रमुख चौक चौराहों में जनजागरूकता के माध्यम से आम लोगों के बीच टीबी बीमारी के जाँच एंव बचाव के संबंध में जानकारी दिया गया।**



इस बीमारी के संबंध में दिन प्रतिदिन लोगों में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। ज्ञात हो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा टी बी बीमारी को 2035 तक पूरे विश्व में फैलाव दर को रोकना है इसी प्रकार भारत में इसको 2030 तक टीबी बीमारी के फैलाव को रोके जाने का प्लान किया गया है। राज्य शासन की ओर से छत्तीसगढ़ को टीबी मुक्त राज्य बनाने के लिए वर्ष 2025 तक इस बीमारी के फैलाव को कम किया जाना हैं,

**जिला में पिछले 4 वर्ष में टीबी बीमारी के जाँच दरों में निरंतर वृद्धि हुआ है,**

**बेमेतरा जिला की स्थिति वर्ष 2020 में बलगम जाँच :**

बेमेतरा-1075, नए टीबी पॉजिटिव केश-120, बेरला बलगम जाँच 911 नए टीबी पॉजिटिव केश-96, नवागढ़ बलगम जाँच - 765 टीबी केश - 131, साजा बलगम जाँच - 651, पॉजिटिव टीबी केश - 215, *जिला के स्थिति वर्ष 2021 में बेमेतरा ब्लॉक बलगम जाँच-1398 नए टीबी मरीज - 168, बेरला बलगम जॉच 1286 नए टीबी केश 130, नवागढ़ बलगम जाँच 1729 नए टीबी मरीज - 164, साजा 1682, पॉजिटिव मरीज - 260, जिला की स्थिति वर्ष 2022 में बेमेतरा बलगम जाँच - 1907 नए टीबी मरीज-143, बेरला बलगम जाँच - 936 नए टीबी मरीज - 121, नवागढ़ ब्लॉक बलगम जाँच 1166 नए टीबी के मरीज -140, साजा ब्लॉक-1468 नए टीबी के मरीज - 180, जिला में वर्ष 2023 की स्थिति-बेमेतरा* बेमेतरा बलगम जाँच 2349 नए मरीज 153 बेरला बलगम जाँच 2620 नए मरीज 44, नवागढ़ बलगम जाँच 2937 टीबी मरीज 95, साजा 2855 टीबी मरीज 129 रिकार्ड में पॉजिटिव आया हैं। साथ ही आस पास के नजदीकी जिला रायपुर ,दुर्ग, भिलाई, कवर्धा,राजनांदगांव खैरागढ़ मुंगेली में भी टीबी मरीज अस्पताल में इलाज करवाने जाते हैं। नजदीकी के जिला में पहचान उपरोक्त पंजीयन कर नज़दीक के जिलों में रिफर कर दिया जाता है।

मुख्यचिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस आर चूरेंद्र ने बताया कि हमारे जिले में टीबी बीमारी की जांच की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जिला क्षय अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ ने बताया कि टीबी बिमारी के मरीजों को नियमित रूप से समय पर दवाई खाना चाहिए साथ ही समय-समय मे जाँच करवाते रहना चाहिए, टीबी बीमारी को जनजागरूकता से ही कम किया जा सकता हैं। टीबी के मरीज दो प्रकार के होते हैं एक पल्मोनरी टीबी दूसरा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी सामान्यतः पल्मोनरी टीबी अत्यधिक फैलाने संक्रमण वाला टीबी कहा जाता हैं।

### टीबी रोगियों को दवाई के साथ ही साथ अच्छे पोषण आहार भी खाते रहना चाहिए।

समय पर नियमित दवाई का सेवन नही करने से यह बीमारी आगे चल कर बहुत ही घातक हो जाता हैं। कभी कभी जानलेवा हो भी सकता हैं। छोटे बच्चे एंव गर्भवती महिलाओं व नशा करने वाले व्यक्ति एंव इन रोगियों को टीबी होने का अधिक खतरा रहता है शुगर, एच आई वी के मरीजों का बहुत ही ज्यादा टीबी होने का खतरा होता हैं।

## आचरण संहिता का पालन कर निष्पक्ष और त्रूटिरहित मतदान कराएं : कलेक्टर



**कोंडागांव** । आगामी लोकसभा निवार्चन के लिए बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल जामकोटपारा और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव में मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, क्रमांक 2 एवं क्रमांक 03 उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने प्रशिक्षण स्थलों में पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। कलेक्टर दुदावत ने मतदान के महत्वपूर्ण कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के सबसे बड़े निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने की जिम्मेदारी मिली है, जो अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पहले चरण का प्रशिक्षण आज दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को पूरी तरह गंभीरता से लें। यह प्रशिक्षण तीन चरणों में दिया जाएगा। द्वितीय चरण के प्रशिक्षण उपरांत परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति पालन करते हुए पूरी निष्पक्षता के साथ कार्य करें। किसी भी प्रकार की शिकायत पर निर्वाचन आयोग द्वारा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। ईवीएम के संचालन का प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसे गंभीरता पूर्वक सीखें। मतदान हेतु ईवीएम की स्थापना एवं संचालन की विधि को भलीभांति समझें और बिना किसी त्रुटि के संचालन करें। ईवीएम की देखरेख में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। मतदान की गोपनीयता को बनाएं रखें।

# कांग्रेस ने लगाया पुरानी योजना बंद करने का आरोप तो सीएम साय ने लगाई क्लास

**रायपुर** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा-कांग्रेस के बीच राशन वितरण को लेकर घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि, चावल, चना और नमक का वितरण बंद किया गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि, चावल, नमक, चना गरीबों को नहीं दिया जा रहा है।

सुशील आनंद शुक्ला का कहना है कि भाजपा की सरकार बनने के बाद पिछली सरकार की योजनाएं बंद हो रही है। बेरोजगारी भत्ते के बाद राशन वितरण योजना भी बंद की गई है। तीन महीने में ही भाजपा सरकार बेहद अलोकप्रिय हो चुकी है।



राशन वितरण पर सीएम विष्णुदेव साय ने जानकारी देते हुए बताया कि पीडीएस के तहत राशन वितरण जारी है। कुछ लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं। पिछली सरकार ने भाजपा सरकार की जन हितैषी योजनाओं का ही नाम बदलकर उसे आगे बढ़ाया था। पीडीएस से संबंधित सभी लाभ यथावत जारी हैं।

की जनहितैषी योजनाओं का ही नाम बदलकर उसे आगे बढ़ाया था। पीडीएस से संबंधित सभी लाभ अब भी मिल रहे हैं। कुछ लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं कि पीडीएस संबंधित पिछली सरकार की योजनाओं को बंद कर दिया गया है। पहली बात तो यह है कि पिछली सरकार ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार



## एमसीएमसी कक्ष पहुँचकर ली विभिन्न विंग की जानकारी

रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह आज कलेक्टर परिसर में निर्वाचन कार्यों के लिए संचालित शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। श्री सिंह ने नियंत्रण कक्ष, एमसीएमसी कक्ष, शिकायत कक्ष का अवलोकन किया।

# राजनैतिक दलों की उपस्थिति में हुआ ईव्हीएम व वीवीपैट मशीन का प्रथम रेण्डमाईजेशन

**लोकशक्ति।**

गरियाबंद (वीएनएस)। भारत निर्वाचन अयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु विधानसभावार गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र (राजिम-54 एवं बिन्द्रानवागढ़-55) के लिए ईव्हीएम व वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल व राजनैतिक दलों की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुबह 11 बजे गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र राजिम-54 के 274 मतदान केन्द्र एवं बिन्द्रानवागढ़-55 के 299 मतदान केन्द्रों के लिए 21 प्रतिशत रिजर्व के साथ रेन्डमाईजेशन सॉफ्टवेयर के जरिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का चयन किया गया। बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।



कम्प्यूटरीकृत रेण्डमाईजेशन में राजिम विधानसभा के लिए रिजर्व सहित कुल 331 बैलेट यूनिट, 331 कन्ट्रोल यूनिट एवं 383 वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन किया गया। इसी तरह बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 361 बैलेट यूनिट, 361 कन्ट्रोल यूनिट एवं 418 वीवीपैट मशीनों का चयन किया गया। इस तरह दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 692 बैलेट यूनिट, 692 कन्ट्रोल यूनिट एवं 801 वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन किया गया। उल्लेखनीय है कि ईव्हीएम एवं वीवीपैट के चयन में पारदर्शिता बरतने हेतु ऑनलाईन रेण्डमाईजेशन विधि अपनाई गई तथा इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, एनआईसी के उपनिदेशक नेहरू निराला, एसडीएम विशाल महाराणा, अर्पिता पाठक, हितेश पिस्दा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, डीएसपी निशा सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दल के जिला प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म-7 में लगी आग, मचा हड़कंप....



रायपुर । रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही रेलवे स्टेशन में हड़कप मचा गया। आग लगने से देवभोग मिल्क पार्लर और उसके पास स्थित एक कैंटीन जलकर राख हो गए। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में लग गई थी। वहीं एक घंट की मशक्कत के बाद आग बुझी।

मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना देर रात की है। बताया जा रहा है कि,रेलवे स्टेशन के बैक साइड प्लेटफॉर्म नंबर 7 में स्थित कैंटीन में अचानक धुआं उठने लगा। स्टेशन की पेट्रोलिंग टीम जब मौके पर पहुंची, तो कैंटीन से आग की तेज लपटें उठने लगी। खाने-पीने के कैंटीन में कुछ कार्टन और सामान होने की वजह से आग की लपटें तेजी से फैलने लगी। उसने बाजू में स्थित मिल्क पार्लर को भी अपनी चपेट में ले लिया।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

इसके बाद मौके पर मौजूद जीआरपी ने पानी डालकर आग को बुझाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। इसकी सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में लग गई थी। वहीं एक घंट की मशक्कत के बाद आग बुझी। आग से किसी जनहानि की नहीं हुई हैं। बताया जा रहा है कि, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगा होगा। फिलहाल जीआरपी की टीम जांच पड़ताल में जुट गई है।

## मताधिकार का प्रयोग करने जनसामान्य में जागरूकता लाने स्वीप अंतर्गत किया जा रहा विविध कार्यक्रम




**राजनांदगांव** लोकतंत्र के उत्सव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए स्वीप अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसके लिए गठित स्वीप टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस तारतम्य में जिला स्तरीय स्वीप टीम द्वारा चौक-चौराहों, बस स्टैण्ड, ऑटो स्टैण्ड सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर यात्रा कर रहे यात्रियों को मतदान के लिए जागरूक करने तथा 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करने का संदेश दिया जा रहा है। स्वीप टीम द्वारा बस स्टैण्ड एवं विभिन्न चौक चौराहों में बस में यात्रा करने वाले यात्रियों को एवं बस के चालक-परिचालक तथा आसपास के सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की ओर नारा देकर मतदान के दिन मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। वाहन चालक, परिचालक, हेल्पर, क्लीनर एवं यात्रियों को अपने आप-पड़ोस, रिश्तोदारों, मित्रों व परिचितों को मतदान करने के लिए प्ररित करने का आव्हान किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जा रहा है। स्वीप टीम द्वारा शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में फर्स्ट टाईम वोटर्स से मिलकर मतदान करने का संदेश दिया गया। छात्राओं को शत-प्रतिशत मतदान की ओर नारा देकर मतदान के दिन मतदान केन्द्र पहुंचकर वोट अवश्य करने प्रेरित किया गया। साथ ही सभी छात्रों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपने परिवार के लोगों, रिश्तेदारों, मित्रों, परिचितों को भी मतदान करने प्रेरित करने का आह्वान किया गया।

## सूने मकान से नकदी 72 हजार पार

रायपुर, (आरएनएस)। न्यू राजेन्द्र नगर के पवन विहार कालोनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 72 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता 48 वर्ष पवन विहार कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 26-27 मार्च की दरम्यानी प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 72 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## होली में पियक्कड़ों ने 50 करोड़ की शराब पीकर बनाया नया रिकॉर्ड

रायपुर । रायपुर जिले में इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह होली के दौरान चार दिनों में 50 करोड़ रुपए की शराब बिक्री का रिकॉर्ड रहा। आबकारी अफसरों के अनुसार इस वर्ष होली के एक दिन पूर्व और होली के दूसरे दिन खुमारी उतारने पियक्कड़ 50 करोड़ 18 लाख 26 हजार 30 रुपए की शराब गटक गए। इस दौरान आबकारी अमला ने अलग-अलग स्थानों पर छापे की कार्रवाई करते हुए 134 प्रकरण दर्ज कर 880 लीटर शराब जब्ती की कार्रवाई की है। गौरतलब है रायपुर जिले में सामान्य दिनों में शराब की औसतन बिक्री साढ़े छह से सात करोड़ रुपए के बीच रहती है। सप्ताहांत में बिक्री साढ़े सात से आठ करोड़ रुपए के बीच रहती है। पर्व के अवसर पर खासकर होली के समय बिक्री दो से तीन गुना बढ़ जाती है। राजधानी में होली के तीन दिन पूर्व शराब बिक्री का आंकड़ा डेढ़ गुना से ज्यादा बढ़ गया। शुक्रवार को सवा दस करोड़ रुपए से ज्यादा की बिक्री हुई। इसी तरह होलिका दहन के एक दिन पूर्व आंकड़ा बढ़कर साढ़े 14 करोड़ रुपए पहुंच गया।

होलिका दहन के दिन पिछले वर्ष जहां 19 करोड़ 32 लाख रुपए की शराब बिक्री हुई. इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में होलिका दहन के दिन 18 करोड़ 8 लाख रुपए की शराब बिक्री हुई, जबकि होलिका दहन के दो दिन पूर्व इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में शराब बिक्री में इजाफा हुआ है।

आबकारी अफसरों के मुताबिक, होलिका दहन के दिन शराब बिक्री कम होने की वजह लोग शराब दुकान में भीड़ से बचने पहले से शराब खरीद कर स्टोरेज कर लिए थे, जिसकी वजह से होलिका दहन के दिन शराब की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में कम रही। होली के दूसरे दिन मंगलवार को सात करोड़ 28 लाख रुपए से ज्यादा की शराब बिक्री रिकार्ड किया गया है।

अवैध बिक्री रोकने पुलिस के साथ विभाग अलर्ट रहा

होली के अवसर पर शराब की अवैध बिक्री बढ़ जाती है। इसे देखते हुए पुलिस के साथ आबकारी विभाग दोनों ने मिलकर अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन सौ से ज्यादा प्रकरण दर्ज कर हजारों लीटर शराब की जब्ती की है। अफसरों के अनुसार सख्ती की वजह से कोचिया शराब खपाने की कोशिश में नाकाम रहे।

## बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए 12 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए हैं कुल 18 नामांकन पत्र

**द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए अधिसूचना 28 मार्च को होगी जारी**

रायपुर लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के निर्वाचन अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 12 अभ्यर्थियों द्वारा कुल 18 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। प्रथम चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च को होगी। नाम वापसी की तिथि 30 मार्च 2024 है। प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होगा । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत द्वितीय चरण के लिए 28 मार्च 2024 गुरुवार को अधिसूचना जारी की जाएगी। द्वितीय चरण में महासमुंद,कांकेर और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिये अभ्यर्थी अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। द्वितीय चरण अंतर्गत नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2024 है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को होगी। नाम वापस की अंतिम तिथि 8 अप्रैल 2024 है। द्वितीय चरण के लिए मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 है।

## सर्विस रोड किनारे खड़ी बाइक पार

रायपुर, (आरएनएस)। कुशालपुर सर्विस रोड किनारे खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ललीत यादव 29 वर्ष प्रियदर्शनी नगर न्यू राजेन्द्रनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 8313 को कुशालपुर सर्विस रोड किनारे खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर, । कबीरनगर चौक रामनगर में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी देवेन्द्र साहू 28 वर्ष निवासी भरतनगर गुढ़ियारी ने थानरा में शिकायत किया कि वह कबीरनगर चौक के तरफ गया था, तभी आरोपी जावेद खान 29 वर्ष ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी जावेद खान ने आरोपी देवेन्द्र साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323 के तहत काउंटर अपराध दर्ज किया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)